माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 12, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

यूपी बजट 2024-25

योगी सरकार का महाबजट

लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।

1500 एकड़ में बनेगी एयरो सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा। वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपये से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं,1.50 लाख रुपये के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

नगर विकास

2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन

अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

7.36 लाख करोड़ रुपये का पेश हुआ बजट

03 हजार रुपये महिला-पुरुष किसानों को 60 साल पूरा करने के बाद पेंशन

25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

3.46% राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को देंगे

500 करोड़ रुपये चीनी मिल नवनिर्माण और पुनर्निर्माण के लिए मिलेंगे

400 करोड़ रुपये अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए

4,000 करोड़ रुपये टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए

1,140 करोड़ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए

3,000 करोड़ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, टाउनशिप के लिए

2,057 करोड़ रुपये गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को मिलेंगे

346 करोड़ रुपये आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए मिलेंगे



आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उनहोंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपये (7,36,437 .71 करोड़ रुपये) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये (24,863 .57 करोड़ रुपये) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। योगी सरकार ने 8वां बजट पेश किया है। चुनावी साल में पेश हुए इस बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है।

2023-24 की तुलना में बजट में 6.7% की वृद्धि

सीएम योगी ने कहा, हम सब जानते हैं कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित हमारा बजट अब तक का उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा बजट है। सात लाख की सीमा को पार किया है। 2023-24 की तुलना में बजट में 6.7% की वृद्धि की गई है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की जो प्रतिबद्धता है।

सपने दिखाने वाला बजट: अखिलेश

विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

चुनावी हित का ज्यादा ध्यान : मायावती

वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास संबंधी पिछले सारे वादे सरकार के पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन होना भी जरूरी है।

बजट में क्या-क्या है खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलब करानें के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश

यूपी का बजट

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 6 फरवरी 2024

युवा उद्यमी विकास अभियान

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

नई योजना का आगाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्यों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी

01 लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

05 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

07 लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा

विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।

कहां से आता है रुपया...



कहां से जाता है रुपया...



युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कौशल विकास

अमृत विचार: युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब: विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

4 हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

01 अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।

01 हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।

महामारी के बाद, निरंतर 14 प्रतिशत से अधिक का आर्थिक विकास



1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

खेल बजट

लखनऊ। प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

लखनऊ, अमृत विचार : गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

लखनऊ अमृत विचार : बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि:शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1.03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

लखनऊ, अमृत विचार : कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

कृषि-किसान

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश: 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160.95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

बेसिक शिक्षा

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि:शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

माध्यमिक शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516.64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10.46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

उच्च शिक्षा

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये, नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।

नजरिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर

श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों

(एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।

इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।

गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 12, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 16

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो0: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौवा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

एक नजर

डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए।

ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

विपक्ष ने लिया है लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।

पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

यूपी टीईटी : 2021 के विवादित प्रश्नों पर ग्रेस मार्क्स देने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 की अंतिम उत्तर कुंजी में संशोधित और बदले हुए प्रश्नों के उत्तरों पर दर्ज आपत्तियों के मामले में दाखिल याचिकाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 8 और 141 पर याचियों को ग्रेस मार्क्स दिया जाए। तदनुसार संशोधित नया परिणाम घोषित किया जाए। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि विवादित प्रश्न संख्या 35 के संबंध में आपत्ति पर जोर नहीं दिया गया है और प्रश्न संख्या 25 के संदर्भ में कोई ऐसा तथ्य संलग्न नहीं किया गया है, जिससे उत्तर कुंजी की सत्यता पर संदेह किया जा सके। अतः उक्त प्रश्न के संबंध में कोई राहत नहीं दी जा सकती है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने प्रगति अग्रवाल और 57 अन्य के साथ-साथ दर्जनों याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। मालूम हो कि सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए यूपी टीईटी केवल एक अर्हक पात्रता है। यह परीक्षा हर साल आयोजित की जाती है। याचियों ने यूपी टीईटी- 2021 में भाग लिया था और उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने की दहलीज पर थे। अंतिम उत्तर कुंजी में कुछ उत्तर पहले सही थे, लेकिन बाद में बदल दिए गए, जिससे व्यथित होकर याचियों ने अपनी आपत्ति दर्ज की।

कानपुर देहात में सड़क हादसा, 6 लोगों की मौत

सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर के पास हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार : सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी।

नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिंकदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी करते पुलिस अधीक्षक।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश
- आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

सपा के 14 विधायक अयोध्या में राम मंदिर के समर्थन में नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सदन में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को बधाई के प्रस्ताव पर सपा के कई सदस्यों की 'न

अमृत विचारः विधानसभा में राम मंदिर पर सपा बंटी नजर आयी। 14 विधायक ऐसे भी सामने आए जो अयोध्या में नवनिर्माणाधीन राम मंदिर पर बधाई संदेश के समर्थन में नहीं हैं।

दरअसल, सदन में कार्यवाही के दौरान श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया। इस पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा यह प्रश्न किया गया कि जो सदस्य इसके पक्ष में हो अपना हाथ उठाएं। इसके बाद जहां अधिकांश सदस्यों ने अपने हाथ समर्थन में उठाए वहीं, विपक्ष की ओर से बसपा उमाशंकर सिंह ने प्रस्ताव का समर्थन भी किया। इस दौरान सपा के भी अधिकांश सदस्यों ने हाथ खड़े किए। हालांकि, कई ऐसे सदस्य भी रहे जिन्होंने मंदिर के निर्माण के प्रस्ताव के समर्थन में हाथ खड़े नहीं किए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा यह प्रश्न किया गया कि जो सदस्य इसके पक्ष में नहीं है, वे 'न' कहें अथवा विरोध प्रदर्शित करें, इस पर विपक्ष के 14 सदस्यों ने अपने हाथ उठाए। विरोध दर्ज कराने वाले सपा सदस्य लालजी वर्मा, स्वामी ओमवेश, मनोज पारस सहित 14 विधायकों ने हाथ खड़े कर बधाई प्रस्ताव का विरोध किया।

5 वर्ष होगा लोकायुक्त व उप लोकायुक्त का कार्यकाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी कैबिनेट ने आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का किया फैसला

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-42, सन् 1975) में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को अपरिहार्य विशिष्ट परिस्थितियों तथा कार्यहित में छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के सामान कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया। इसके लिए अब उत्तर प्रदेश लोकायुक्त व उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक 2024 लाया जाएगा। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में संशोधन करने के लिए विधेयक विधान मंडल में प्रस्तुत किया जाएगा।

चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए 498 करोड़

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक राज्य सरकार ने नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैंजो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, लेकिन अब इनको भी शामिल करते हुए दूसरी किस्त का पैसा देनेका फैसला किया गया है।

पर्यटन भूमि लीज के लिए बनेगी नीति : कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए यह नीति बनेगी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है।

उपलब्धि शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड

ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।

प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन

महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय

महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान

स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है... ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
उत्तर प्रदेश
बजट विशेष
2024-25

प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी व विकास की राह दिखाने के साथ-साथ रामराज की परिकल्पना साकार करने वाला है। इससे विकास को गति मिलेगी, साथ ही, प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी व युवाओं के लिए कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।
-आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल

ऐसा है वार्षिक बजट का स्वरूप

उप्र. के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपये (5.32,655.33 करोड़ रुपये) राजस्व लेखे का व्यय है, जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये (2.03.782.38 करोड़ रुपये) पूंजी लेखे का व्यय है। वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपये (15,103.89 करोड़ रुपये) का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपये (5,500 करोड़ रुपये) की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपये (9.603.89 करोड़ रुपये) ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपये (38,189.66 करोड़ रुपये) को हिसाब में लेते हुये अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपये (28,585.77 करोड़ रुपये) अनुमानित है। बजट में राजस्व बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपये (74.147.07 करोड़ रुपये) अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपये (86,530.51 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जो वर्ष के लिये अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

विधान सभा में सोमवार को सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकॉर्ड

वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने

- वर्ष 2017-18 के बजट में 10.87 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी
- वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की हुई थी बढ़ोतरी

बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।

आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दु:ख से मुझे आराम है।
  हर किसी के वास्ते हर वस्तु है, यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।
- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,
  ढल गयी है आह भी संगीत में,
  जगमगाता है हृदय का अंधकार,
  कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।



विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं उपलब्धः ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट है

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेशः भूपेंद्र चौधरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है।

बजट बड़ा पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा

नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजटःअजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगाः अनुप्रिया

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7.36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही पेश हुए बजट में हर वर्ग को साधने की कोशिश

अमृत विचार: रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पूरी दुनिया में चर्चित हुई अयोध्या के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के चलते पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के मद्देनजर तीन पहुंच मार्गों का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण जारी है। 6 स्थानों पर पार्किंग एवं जन सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है। इसी बीच वहां महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम की स्थापना एवं विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के लिए भी 10 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

2500 करोड़ से विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ प्रयागराज महाकुंभ का भी भव्य आयोजन किया जाना है। महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसी कड़ी में वाराणसी मंडल तथा विन्ध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि प्रावधानित की गई। वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपए, रोपवे व अवस्थापना परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट जारी किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए भी सरकार ने 13 हजार करोड़ से अधिक का बजट रखा है। पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए 5129 करोड़ की व्यवस्था के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपए निकले गए हैं। योगी सरकार ने अधिवक्ताओं का भी ध्यान रखते हुए अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए किया है। अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा 1.50 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने के साथ प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रु. की व्यवस्था और जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव रखा गया है।

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 27,086 करोड़ का भारी भरकम बजट आवंटित किया है। इस बजट से जहां एक ओर राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को रफ्तार मिलेगी, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में हेल्थ वेलनेस सेंटर केयर यूनिट को नयी गति मिलेगी।

राज्य को उद्योग प्रदेश बनाने की नजर से भी सरकार ने खजाना खोला है। ऐसे में एफडीआई, ग्लोबल फॉर्च्यून 500 और इंडिया फॉर्च्यून 500 कंपनियों को निवेश के लिए 250 करोड़ की व्यवस्था की गई है। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग में 40 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

बजट से विकास को मिलेगी रफ्तारः नरेन्द्र कश्यप

दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि बजट में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए 2475 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। अन्य पिछड़ा वर्ग पुत्रियों की शादी अनुदान योजना में 200 करोड़ रुपयों का प्रावधान है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। छात्रावास निर्माण में लगभग 22 करोड़ रुपयों का प्रावधान है। इसी तरह दिव्यांग पेंशन योजना हेतु 1170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है।

आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

राम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में रखी नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।'

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण प्रदेश में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

ये कार्य होंगे

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

अमृत विचार: नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को

प्रतिक्रिया

प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

बढ़ावा: प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावा: विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमीं, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।

बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
उत्तर प्रदेश
बजट विशेष
2024-25
लखनऊ, मंगलवार
6 फरवरी 2024
5

हमारी सरकार का यह बजट अभूतपूर्व व ऐतिहासिक है। जिस विभाग ने जितना मांग उतना दिया गया है। मछुआ समाज के लिए तो इस बजट में काफी कुछ दिया गया है। यह समावेशी बजट सबका साथ-सबका विकास को चरितार्थ करने वाला है। -डा .संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश

'संकट के साथी' को इस बार 500 करोड़, सरपट दौड़ेगी रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बजट में मिली धनराशि से इस साल परिवहन निगम खरीदेगा 1,500 से अधिक नई बसें
- बढ़ेगा बेड़ा, सुरक्षित होगा सफर

अमृत विचार : एक समय था जब परिवहन निगम बजट में महज अपनी औपचारिक उपस्थित ही बमुश्किल दर्ज करा पाता था, लेकिन लगातार दूसरी बार बजट में प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए स्थान से रोडवेज और मजबूत होगा। बजट में इस बार 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे बेड़ा और मजबूत होगा।

परिवहन निगम प्रशासन वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 1,500 से अधिक नई बसें खरीदेगा। प्रदेश के लाखों यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। सरकार के बजटीय प्रावधान में रोडवेज की मजबूत उपस्थिति देख रोडवेज कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस धनराशि से रोडवेज का बस बेड़ा 13,000 का आंकड़ा पार कर लेगा।

बजट में परिवहन निगम की बसों का बेड़ा बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकार का यह प्रयास निगम और आम जनता के हित में सराहनीय है। वहीं, कर्मचारी हित के लिए महंगाई भत्ता, मृतक आश्रितों की भर्ती और संविदा को नियमित करने की ओर भी प्रदेश के मुखिया को ध्यान देना होगा जिससे हजारों रोडवेज कर्मी लाभान्वित हों, और उनके परिवारीजन का भी इससे लाभ हो।

गिरीश मिश्रा, महामंत्री, उप्र. रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक प्राविधिक और जनसम्पर्क अधिकारी अजीत सिंह के मुताबिक प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर बजट में मिलने वाली धनराशि से साधारण बसों की चेचिस खरीदने को लेकर व्यापक तैयारियां कर रहे हैं।

प्रस्ताव तैयार कर उन पर जरूरत के अनुसार धनराशि खर्च की जाएगी। यात्रियों के सुरक्षित सफर की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान है। ऐसे में एमडी एमए सरवर का ज्यादा से ज्यादा जोर इस ओर है। यात्री सुविधाओं की ओर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। उन पर बॉडी निर्माण कर उन्हें यात्रियों की सुविधा के लिए सुलभ कराया जाएगा। औसतन एक चेचिस पर करीब 32 लाख रुपये खर्च आता है। बस बॉडी निर्माण पर अलग से व्यय होगा।

बजटीय प्रावधान बता रहा मुख्यमंत्री 'संकट के साथी' के साथ खड़े

रोडवेज सीजीएम तकनीकी ने बताया कि पिछली बार बजट में परिवहन निगम को करीब 600 करोड़ मिले थे। इस बार बजट में 500 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इससे परिवहन निगम का एक बड़ा बेड़ा नया हो जाएगा। बजटीय प्रावधान से उप्र. कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश पांडेय कहते हैं कि मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में आमजन के काम आई परिवहन निगम की बसों को 'संकट का साथी' का जो स्लोगन दिया था और जो वादा किया था, इस बार भी बजट में नजर आ रहा है। इससे रोडवेज को नया जीवन मिलेगा।

आने वाली नई बसों में होंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली बसों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम होंगे। सभी बसों में पैनिक बटन समेत अन्य सुरक्षा उपकरण लगे होंगे। पैनिक बटन को डायल 112 से लिंक किया जाएगा। बस से सफर के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय वारदात होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर मदद मांग सकेंगे। इसमें सीसीटीवी लगे होंगे। बसें डीजल ईंधन चलित होंगी।

व्यापारियों की प्रतिक्रियाएं

बजट में प्रदेश के विकास का रोडमैप दिखता है। पर्यटन समेत तमाम योजनाओं से रोजगार बढ़ेगा। सूबे में उद्योगों को बढ़ाने वाला बजट है। जब नए उद्योग सूबे में आएंगे नौकरियां तो मिलेंगी ही व्यापार भी समृद्ध होगा। कोई उद्योग या फिर पर्यटन की गतिविधियां बढ़ती हैं तो बड़ी संख्या में कारोबार भी आता है। स्वागत योग्य बजट।

बनवारी लाल कंछल, प्रांतीय अध्यक्ष, उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

प्रदेश सरकार का बजट विकासोन्मुखी है। व्यापारियों को सीधे लाभ भले ही न मिले लेकिन इससे रोजगार को बढ़ावा जरूर मिलेगा। व्यापारियों की उम्मीदों पर बहुत ज्यादा खरा तो नहीं है लेकिन कई योजनाओं में व्यापारी परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से इसमें जरूर शामिल होंगे और व्यापार को मदद मिलेगी। व्यापारियों की मांगों पर पुनर्विचार होना चाहिए।

राजेंद्र अग्रवाल, चेयरमैन, लखनऊ व्यापार मंडल

बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दृष्टि दिखती है। केंद्र के अंतरिम बजट को आगे बढ़ाने वाला और उत्तर प्रदेश को विकास की ओर ले जाने वाला है। इसमें मुख्यमंत्री के प्रांतीय विकास का विजन स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। जब इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा तब प्रदेश का व्यापारी समृद्ध होगा। इंस्पेक्टर राज के कारण तमाम समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं उनका हल कराया जाएगा।-अमरनाथ मिश्र, अध्यक्ष, लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल

बजट में राजमार्गों के चौड़ीकरण, एयरपोर्ट, पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के सुंदरीकरण पर जोर है। महिला एवं किसानों के उत्थान वाला बजट है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से व्यापारियों को सीधा फायदा मिलेगा। बजट चौमुखी विकास पर आधारित है। प्रदेश सरकार ने बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, हाईवे एवं मेट्रो जैसी बुनियादी चीजों से आमजन को साधा है।-मुकुंद मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

इसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। लगभग 96 लाख एमएसएमई सेक्टर में कार्यरत इकाइयों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न वर्गों में हजारों करोड़ रुपये सरकार की योजनाओं को लाया गया है। सभी तीर्थ क्षेत्र के लिए सरकार ने बजट में आवंटन किया। कानपुर और आगरा मेट्रो के लिए बजट दिया जाना विकास की गति को बढ़ाने वाला है।-संदीप बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

बजट प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने वाला है, किंतु व्यापारियों को बजट में सीधे कुछ हाथ नहीं आया है। सूबे के खुदरा व्यापार को बचाने और बढ़ाने के लिए भी सरकार को योजना बनानी चाहिए। बाजारों में पार्किंग की गंभीर समस्या को हर हाल में देखना होगा, तभी व्यापार बढ़ेगा।

-संजय गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल

बजट किसान, स्वास्थ्य, परिवहन, मेट्रो समेत आमजन से जुड़ी सभी जरूरी चीजों पर केंद्रित है। सर्राफा इंडस्ट्री के लिए कोई बड़ी पहल नहीं दिख रही है। लेकिन नए एयरपोर्ट बनने से बाहरी कारोबारियों का आना राजधानी में बढ़ेगा। मुख्यमंत्री छोटे कारोबारियों से मिलें तो सर्राफा व्यवसाय को बिजनेस हब बनने में समय नहीं लगेगा।-अनुराग रस्तोगी, नार्थ इंडिया हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

विकास और कारोबार को बढ़ाने वाला बजट है। ई-कामर्स पॉलिसी और इन कंपनियों पर टैक्स बढ़ाए जाने पर विचार न होने से जरूर व्यापारियों में नाराजगी है। मोबाइल उद्योग इन ई-कामर्स कंपनियों की मनमानी से परेशान हैं। इस बजट में सरकार ने सभी सिगमेंट को छूने की कोशिश की है। कृषि सेक्टर, किसानों और हेल्थ के लिए अच्छे प्रयास हैं।

नीरज जौहर, प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन (एमरा)

बजट ठीक है। हर पहलू पर सरकार ने पहल की है। लेकिन शिक्षा को लेकर बजटीय पहल साफ नहीं है। शिक्षा और स्टेशनरी कारोबार से बड़ा वर्ग जुड़ा है। स्टेशनरी की हर चीज में जीएसटी के अलग-अलग स्लैब हैं। इसे लेकर केंद्र सरकार से बातचीत कर पहल करनी चाहिए।

जितेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष स्टेशनरी निर्माता एसोसिएशन

बजट स्वागत योग्य है। बजट में हर चीज पर वित्त मंत्री की नजर रही है। सभी सेक्टर को कुछ न कुछ मिला है। उद्योग और कारोबार बढ़ाने वाले इस बजट से व्यापारियों को किसी न किसी रूप में लाभ मिलेगा। लेकिन व्यापारियों की कई मांगों पर अभी ध्यान नहीं दिया गया है। प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने वाला बजट है।

प्रभू जालान, प्रोपराइटर गीता वस्त्रालय

अब तक के सबसे भारी-भरकम बजट में उद्योग और आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए खजाना खोल दिया है। आम जनता से जुड़े तमाम मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। प्रदेश में एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। यूपी को उद्योग प्रदेश बनाने के लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास पर खासा जोर दिया गया है। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास की दर में तेजी से बढ़ोतरी होगी।- अरुण भाटिया, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, लखनऊ इकाई

पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से बजट लाभकारी है। पर्यटकों के आगमन से शहर के हर तबके के व्यापारियों की आमदनी बढ़ेगी। सोलर व्यवस्था से जुड़ कर लोगों को महंगी बिजली बिल के झटकों से राहत मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहन पर जोर दिया गया है जिससे महंगे पेट्रोल से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग को 125 करोड़ की बड़ी रकम दी गई है, जो लाभकारी है। 24 हजार करोड़ की योजनाओं से प्रदेश खुशहाल होगा। बजट में व्यापारी राहत कोष भी होना चाहिए।

-मनीष गुप्ता, अध्यक्ष, लखनऊ युवा व्यापार मंडल एवं डालीगंज हसनगंज व्यापार मंडल

बाजारों की समस्याओं पर उलाहना विकासोन्मुखी योजनाओं की सराहना

- बजट परिचर्चा में बोले लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ व्यापार मंडल की भूतनाथ इकाई ने सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर परिचर्चा बुलाई। व्यापारियों ने बजट में प्रदेश सरकार के विकासोन्मुखी योजनाओं की सराहना की।

लेकिन बजट में व्यापारियों की मांगों पर गति नहीं दिखी। न ही बाजारों के कायाकल्प के लिए कोई प्रयास दिखा और न ही व्यापारी राहत आपदा कोष पर बात हुई। मॉडल बाजार बनाए जाने पर अभी गतिरोध साफ नहीं हुआ है। न ही व्यापारियों की योजनाओं को लेकर बजटीय प्रावधान नजर आया। इससे व्यापारियों में निराशा है। परिचर्चा में अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री अरविन्द पाठक, महामंत्री परमजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर, उपाध्यक्ष मोहित गर्ग, मनोज द्विवेदी, नदीम खान, लोकेश, अनुराग अग्रवाल, ऋषभ गुप्ता, सोनू अग्रवाल, संदीप रस्तोगी, आशीष बंसल सहित तमाम व्यापारी शामिल हुए।

भूतनाथ बाजार व्यापार मंडल के कार्यालय में बजट परिचर्चा के दौरान चर्चा करते व्यापारी।

इन योजनाओं की सराहना

- सुगम व्यापार की बात हुई। इसमें 24 हजार करोड़ की लागू की गई नई योजना धार्मिक कॉरिडोर पर फोकस किया गया।
- इससे उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत बढ़ेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी तो व्यापार पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे सूबा उत्तम प्रदेश की ओर बढ़ेगा।
- इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बजट में प्रावधान किया गया है जो प्रदेश के विकास का ताना-बाना दुरुस्त करेगा। व्यापार बढ़ाने में भी इसका सहयोग होगा।
- शहरों की जितनी कनेक्टिविटी बढ़ेगी व्यापार करना उतना ही आसान होगा।
- असाध्य रोगों की मुफ्त चिकित्सा के लिए125 करोड़ की व्यवस्था की गई है। हेल्थ सेक्टर पर फोकस है यह आमजन के लिए है। सुविधाएं बढ़ेंगी।

इन पर उलाहना भी

- बजट में बाजारों की कायाकल्प के लिए फंड की व्यवस्था की उम्मीद थी। इससे मॉडल बाजार बनने की राह आसान होती लेकिन नहीं दिया गया ध्यान।
- व्यापारी आपदा राहत कोष की व्यवस्था की उम्मीद पर भी सरकार ने ठोस पहल नहीं की। इसको भी बजट में स्थान नहीं दिया गया। यह निराश करने वाला है।
- बाजारों और व्यापारियों की सुरक्षा पर भी बात नहीं बनीं। बाजारों में सीसीटीवी कैमरे, जाम से बचने और पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं दी गई। उम्मीद थी कि कोई पॉलिसी सामने आएगी।
- 24 फीट रोड पर व्यवसायिक गतिविधियों वाली बात भी फिलहाल बनती नजर नहीं आई। कई अन्य मुद्दे भी विचाराधीन हैं।

बजट पर महिला उद्यमियों की प्रतिक्रिया

ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए सरकार बधाई की पात्र है। किसी भी प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। गरीबों, किसानों, युवाओं का बजट में विशेष ध्यान रखा गया है। महिलाओं और आम जनता के लिए अच्छा बजट है। इससे शहर का और तेजी से विकास हो सकेगा। - सुषमा खर्कवाल, महापौर, लखनऊ नगर निगम

व्यापारियों को इस बार के बजट से काफी उम्मीद थी। यह बजट आम जनता के लिए बेहतर है। पर, व्यापारियों को इस बजट में कुछ नहीं मिला। सरकार को युवा व्यापारियों के लिए नए उद्योगों की स्थापना के लिए व्यवस्था का प्रबंधन करना चाहिए था।

-मनीष अरोड़ा, अध्यक्ष आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल

हर वर्ग को संतुष्ट करने की कोशिश की गई है। लेकिन व्यापारियों के लिए अलग से कुछ भी नहीं है। बजट में हम लोगों को उम्मीद थी कि बाजारों को मॉडल बाजार बनाने के लिए बजट में कुछ फंड की व्यवस्था की जाएगी। व्यापारियों को आपदा राहत के लिए भी बजट में प्रावधान नहीं किया गया। -देवेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष-भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल व कोषाध्यक्ष-लखनऊ व्यापार मंडल

प्रदेश सरकार के बजट में सेमी कंडक्टर नीति को मंजूरी दी गई है। यह नीति प्रदेश में सेमी कंडक्टर इकाईयों की स्थापना एवं विकास के मार्ग को प्रशस्त करेगी। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश प्राप्त होगा और रोजगार के ढेरों अवसर बढ़ेंगे।

-रेनुका टंडन, महिला उद्यमी और अध्यक्ष, एमरन फाउंडेशन, लखनऊ

इस बजट में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार देने की पहल की जा रही है।-संगीता मित्तल, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ

बजट में प्रदेश के उद्यम विकास की योजनाओं पर विशेष कार्य किया गया है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। आज प्रदेश में एमएसएमई की 96 लाख इकाईयां हैं। प्रदेश के उद्यमियों द्वारा लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया जा रहा है।

-स्वाति वर्मा, चेयरपर्सन, फिक्की फ्लो, लखनऊ चैप्टर

सरकार का बजट महिला सुरक्षा के लिए अति उत्तम है। सड़कों व परिवहन में जब सुधार होगा तो देश के साथ प्रदेश का भी विकास होगा। कानून व्यवस्था भी उत्तम करने की कोशिश की गई है। निराश्रित महिलाओं की सहायता राशि भी बढ़ाई गई है। कुल मिलाकर यह बजट महिलाओं के लिए,उनकी सुरक्षा के लिए,परिवहन के लिए, उद्योगों के लिए और कानून व्यवस्था के लिए बेहतर साबित होगा। -बिन्दु जैन

बजट में उत्तर प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्व रोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' का प्रस्ताव है, जिसके लिये 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। जो स्वागत योग्य है। इससे युवाओं में स्व रोजगार के प्रति जागृति आएगी। -डॉ अनीता मिश्रा, समाजशास्त्री व एसोसिएट प्रोफेसर, एमएल वर्मा पीजी कॉलेज

योजनाएं देंगी सहारा, बढ़ाएंगी खेती और पशुपालन का दायरा

- बजट 2024-25 ने किसानों में जगाई उम्मीद, पैदावार के साथ बढ़ाएंगे फूड प्रोसेसिंग की मात्रा
- कृषि व पशुपालन के लिए ऋण की नहीं होगी कमी, बीज व खाद पर अनुदान देगा राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश का बजट 2024-25 किसानों के लिए उम्मीद भरा है। इससे लाभान्वित किसान कृषि, बागवानी, पशुपालन और दूग्ध उत्पादन बढ़ाएंगे। इसके लिए सरकार ने खासकर पुरानी योजनाओं का दायरा बढ़ाया है वहीं, कई नई योजनाएं संचालित कर उन्हें समृद्ध करेंगी।

इससे किसानों को फसल उत्पादन में सहारा मिलेगा और फूड प्रोसेसिंग से आय दोगुनी होगी। ऐसा होने से विकास दर बढ़ेगी। फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ सरकार ने नुकसान पर भी जोर दिया है। ऐसी स्थिति में फसल बीमा योजना क्षतिपूर्ति करेगी।

पहले से अधिक योजना का गांव-गांव प्रचार किया जाएगा और किसानों में जागरूकता की कमी दूर करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, किसान सम्मान निधि योजना में और किसान जोड़े जाएंगे। इसमें मिलने वाले प्रति वर्ष छह हजार रुपये से छोटे किसानों को बीज व खाद में काफी राहत मिलेगी। जिलों में पहले से अधिक कृषि और पशुपालन के लिए केसीसी बनाकर ऋण वितरण किया जाएगा।

और बढ़ेगी गन्ना बेल्ट में चीनी की मिठास

सरकार ने कृषि व बागवानी के साथ गन्ना बेल्ट पर विशेष फोकस किया है। चीनी उत्पादन के लिए 2024-25 में गन्ने की पैदावार का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है। जिसकी पूर्ति के लिए किसानों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही गन्ना बेल्ट में संचालित चीनी मिलों के कार्यप्रणाली और क्षमता में सुधार किया जाएगा।

डार्क जोन को उभारेंगे नलकूप, पीएम कुसुम बचाएगी पानी

नहरों और नलकूपों से सिंचाई व्यवस्था पहले से और बेहतर मिलेगी। नलकूप के लिए रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी वहीं, नहरों में पानी छोड़ने के लिए साफ-सफाई आदि पर करोड़ों खर्च होंगे। साथ ही सरकार ने डार्क जोन यानी जलस्तर कम वाले जिलों पर पानी की उपलब्धता पर फोकस किया है। जो डार्क जोन में असफल रहे नलकूपों को दुरुस्त कर पानी की कमी से उभारेंगे। साथ ही जो किसान निजी नलकूप कनेक्शन कराना चाहेंगे तो इसमें किसी तरह की रोकटोक नहीं होगी। वहीं, कम लागत के साथ फसल की सिंचाई के लिए पहले से अधिक पीएम कुसुम योजना के पम्प किसानों को बिक्री किए जाएंगे। लक्ष्य के साथ अनुदान बढ़ाया गया है।

... तो दूर होगी उपज के भंडारण की समस्या

सहकारिता विभाग ने खाद, बीज आदि के भंडारण के लिए पिछले वर्ष भंडारण योजना संचालित की थी। जिसे सोमवार को जारी बजट में रफ्तार मिलेगी। योजना के तहत जर्जर समितियों या फिर जहां भंडारण की व्यवस्था नहीं वहां गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अभाव में समितियों पर बड़ी मात्रा में खाद व बीज रखना मुश्किल है। ज्यादातर जर्जर समितियों में बारिश और सीलन के कारण समस्या है। वहीं, इन समितियों में गोदाम बनने पर किसानों से खरीदी गए गेहूं, धान आदि रखने की समस्या दूर होगी। जो किराये पर या फिर खुले में रखते आ रहे हैं। वहीं, समितियां का विस्तार करने को भी बजट मिला है। इससे पूर्व की तरह समितियां किसानों को ऋण पर खाद-बीज देंगी।

किसी ने सराहा तो किसी ने कही सुधार की बात

सरकार ने बजट में पशुपालन से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया है। इसके लिए पिछले वर्ष ऋण और अनुदान इकाई लगाने की योजना संचालित की थी। जिसे बजट से बल मिलेगा और पशुपालक समृद्ध होंगे।

- बैजनाथ यादव, पशु पालक, ग्राम शिवखड बीकेटी

निराश्रित गोवंशों को संरक्षित कर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। गायों का और सही से भरण-पोषण कर दुधारू बनाया जाए तो दूध उत्पाद में बढ़ोतरी होगी।

- राम मोहन गुप्ता, पशु पालक, ग्राम चांदपुर खानीपुर बीकेटी

सरकार के प्रयास से जैविक व परामपरागत खेती की तरफ किसान लौटे हैं। सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद-बीज अनुदान ने भी किसानों को सहारा दिया है। यह बजट किसान हित में है।

- उदय भान सिंह, किसान, इंदौराबाग बीकेटी

सीधे-सीधे व्यापारियों के हाथ कुछ नहीं लगा

यूपी बजट का लाइव प्रसारण देखते आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

इस ओर नहीं दिया ध्यान

- प्रदेश के खुदरा व्यापार को बचाने एवं बढ़ाने के लिए भी सरकार को योजना बनानी चाहिए। लेकिन इस ओर सरकार ने ध्यान नहीं दिया।
- ई-कामर्स पॉलिसी के कर से जुड़े मसले पर भी सरकार का बजट मौन रहा।
- व्यापारियों की सुरक्षा, बाजारों में पार्किंग व्यवस्था पर भी सरकार खामोश रही।
- व्यापारियों के स्वास्थ्य बीमा को लेकर भी सरकार की चिंता नहीं दिखी।

इन योजनाओं से होगा अपरोक्ष लाभ

- अपरोक्ष रूप से लखनऊ में 15,000 एकड़ में एरो सिटी बनाए जाने के प्रस्ताव से लखनऊ का विकास होगा। इससे लखनऊ के व्यापारियों को लाभ होगा।
- युवा उद्यमियों एवं सूक्ष्म लघु उद्योग सेक्टर के बढ़ावा देने से व्यापारियों को फायदा होगा। हथकरघा एवं टेक्सटाइल के नए हब बनने एवं पावरलूम को बढ़ावा देने से रोजगार बढ़ेगा।
- आगरा एक्सप्रेस-वे एवं पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने से प्रदेश में यातायात सुगमता बढ़ेगी। उसका लाभ व्यापारियों को मिलेगा तथा फ्लाई ओवर एवं राज्य राजमार्गों, रेलवे पुल आदि के बढ़ने से भी प्रदेश का विकास होगा।
- बजट में अयोध्या के लिए भी धन की व्यवस्था की गई है अयोध्या के धार्मिक पर्यटन के रूप से विकसित होने से कई जिलों के व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बड़ी संख्या में व्यापारियों की जुटान हुई। मौका था प्रदेश सरकार के सदन में पेश किए जा रहे बजट के सजीव प्रसारण का।

लाइव प्रसारण के बाद संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट प्रदेश के विकास को बढ़ाने वाला जरूर है। सभी वर्गों की चिंता भी दिखती है लेकिन व्यापारियों के लिए इसमें सीधे-सीधे कुछ नहीं है। प्रसारण के बाद चर्चा के दौरान नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ,नगर उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, लेखराज मार्केट के प्रभारी राज, मुंशी पुलिया के अध्यक्ष दीपक सिंह चौहान सहित कई व्यापारी शामिल रहे।

बजट में भी किसानों के पक्ष में एक ढंग की बात भी सरकार नहीं बोल सकी। बजट में युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और जवानों के लिए कुछ भी नहीं है।- राम प्रीत शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव, ओबीसी प्रकोष्ठ, एनसीपी

सरकार का फलों की उत्पादकता के साथ उससे बनने वाली सामग्रियों की बिक्री पर जोर है। बजट से इस दिशा में उद्यान विभाग और मंडी परिषद काम करेगी। इसका बागवनों को फायदा होगा।

अहमद उल्लाह, आम बागवान, मलिहाबाद

बजट में बागवानी पर भी सरकार ने ध्यान दिया है। इससे आम बेल्ट के बागवान को राहत मिलेगी। आम की गुणवत्ता में सुधार कर निर्यात बढ़ाया जाएगा। जिससे आम किसानों की आय बढ़ेगी।

सुनील गुप्ता, स्वामी, राजधानी फ्रूट कंपनी, मलिहाबाद

वैसे तो कृषि और बागवानी की तमाम योजनाएं हैं। लेकिन, आम और अमरूद के लिए खास योजना नहीं है। खासकर आम का भी प्रधानमंत्री फसल बीमा होना चाहिए। इससे बर्बाद होने पर क्षतिपूर्ति मिले। बजट में इसकी उम्मीद थी।

- राज सिंह कठवारा, बागवानी, बीकेटी

एक नजर

कानपुर के विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को कानपुर के स्कॉलर मिशन स्कूल के विद्यार्थियों के 25 सदस्यीय दल ने विधानसभा की कार्यवाही को देखा। कार्यवाही को देखने के बाद इस दल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता के प्रति सबसे बड़ी जवाबदेही एक विधायक की ही होती है, इसलिए सदन की कार्यवाही के दौरान विधायक काफी तैयारी करके आते हैं। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित थे।

'ज्योति से ज्योति जगाते चलो' कार्यक्रम आज

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस की ओर से 6 फरवरी से 'ज्योति से ज्योति जगाते चलो' सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शुरू होगा। कार्यक्रम 12 फरवरी तक पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडेय ने कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में किसानों के साथ न्याय, महिलाओं को न्याय, युवाओं को न्याय, श्रमिकों को न्याय व भागीदारी न्याय के लिए है।

लोकार्पण व शिलान्यास के शिलापटों पर नाम न अंकित होने का उठा मुद्दा

विधान परिषद

इस सरकार ने गरीबों को और गरीब बनाया : भीमराव अम्बेडकर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने का उठा मुद्दा

अमृत विचार : विधान परिषद में सोमवार को सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उप मुख्यमंत्री व नेता सदन केशव मौर्य ने (जो वित्त मंत्री द्वारा अधिकृत किए गए थे) वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया। इसके बाद सभापति द्वारा प्रश्न प्रहर के सभी प्रश्न उत्तरित मान लिए गए। इसके तुरंत बाद ही भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह ने नियम -223 के तहत विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया और कहा कि समस्या केवल उनकी ही नहीं है, सभी सदस्यों के साथ भेदभाव किया जाता है। जबकि पांच जनवरी 2024 को मुख्य सचिव आदेश पारित कर चुके हैं।

भाजपा के एमएलसी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले जिलों में संचालित शासकीय योजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास के शिलापटों पर या समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में उनका नाम नहीं अंकित किया जाता है। शासनादेश के बावजूद अधिकारी अनदेखी करते हैं। इसके अलावा कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित भी नहीं किया जाता है।

नियम-105 के तहत सपा के आशुतोष सिन्हा ने माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने का मुद्दा उठाया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के जवाब के बाद सभापति ने कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को संदर्भित कर दिया। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चंदेल, डॉ. आकाश अग्रवाल ने वित्तविहीन शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मार्च 2019 को जारी सेवा शर्तों को लागू कराए जाने की मांग उठाई। सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा में 80 प्रतिशत भागीदारी निभाने वाले वित्त विहीन विद्यालयों के अल्प आय प्राप्त शिक्षक, नौकरी करने के बाद भी रोटी के लिए मोहताज हैं।

बसपा के विधायक भीमराव अम्बेडकर ने राज्य सरकार को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि इस सरकार में गरीबों को और गरीब बनाया जा रहा है, यह सरकार मजदूर विरोधी है। शिक्षा व्यवस्था में आरक्षण खत्म करने वाली आरक्षण विरोधी सरकार है। भोजनावकाश के बाद डॉ. जयपाल सिंह के सभापतित्व में शुरू हुए सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए अपना दल के आशीष पटेल ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए डकैती, लूट, हत्या आदि अपराध में आई कमी का आंकड़ा प्रस्तुत किया।

सपा के मुकुल यादव ने सरकार की योजनाओं में बंदर बांट बताते हुए सरकार को किसान विरोधी बताया। शाम 5 बजे अधिष्ठाता डॉ.जयपाल सिंह ने मंगलवार 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया।

पत्रकारों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह देने की मांग

विप में नियम 115 के तहत सपा के आशुतोष सिन्हा ने पत्रकारों की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि भ्रष्टाचार व अराजक तत्वों के खिलाफ खबरें लिखने वाले पत्रकारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होती है। इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू किया जाए, साथ ही 20 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाए। इसके अलावा नए पत्रकारों को 10 हजार और वरिष्ठ पत्रकारों को 25 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता दिया जाए। इतना ही नहीं, अन्य योजना एवं आवास विकास व विकास प्राधिकरण की योजनाओं में नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर लाभान्वित किया जाए।

27 हजार करोड़ से संवरेंगी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में सस्ता व बेहतर इलाज के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को 27 हजार 86 करोड़ का बजट दिया गया है। बजट से राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम योजनाओं को रफ्तार मिलेगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के लिए 7 हजार 350 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में हेल्थ वेलनेस सेन्टर केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना के लिए 952 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 300 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 322 करोड़ रुपये दिये गये हैं। राज्य कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज को विस्तार मिलेगा, इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में 150 करोड़ का बजट मिलेगा। असाध्य रोगों की मुफ्त इलाज के लिए 125 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

विधानसभा मार्ग पर मदरसा आधुनिक शिक्षकों को रोकती पुलिस। अमृत विचार

मदरसा शिक्षकों ने घेरा विधानभवन, हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने सोमवार को एकजुट होकर विधानभवन का घेराव किया। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए उन्हें हिरासत में भी लिया गया। हालांकि शिक्षकों के आक्रोश को समाप्त करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने प्रयास भी किया, लेकिन वे सफल न हो सके। पिछले छह वर्षों से मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में कई बार शिक्षकों ने स्थानीय स्तर और राज्य मुख्यालय पर धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन भी दिया। इसके बावजूद समस्या बरकरार रही। इसी को आधार बनाकर मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति ने एकजुट होकर अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अली उर्फ सिकन्दर बाबा ने बताया कि नतीजा न निकलता देख सभी एकजुट हुए और विधान सभा का घेराव किया। उधर, बढ़ते आक्रोश के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अली उर्फ सिकन्दर बाबा, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिंह, पंकज मिश्रा, शरफुद्दीन अंसारी, जगदम्बा प्रसाद यादव, नरेंद्र कुमार यादव, श्याम, राजेश, नरेंद्र कुमार मौर्या, सावित्री यादव, राजेश पाल, शिवजना देवी, मोहम्मद सलीम खां, राम आसरे, रामदयाल सहित काफी संख्या में मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक मौजूद रहे।

आईएसएस में चयन होने पर विधायक ने किया सम्मानित

लखनऊ : द ऑफ पब्लिक इंटर कॉलेज में एलुमिनाई मीट का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र अंकित यादव का चयन भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) में होने पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने सम्मानित किया। अन्य छात्रों का भी सम्मान हुआ।

जनता से संवाद कर भाजपा शुरू करेगी अभियान

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंडल अध्यक्षों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

भाजपा महानगर कार्यालय में बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बूथ प्रवास के दौरान जनसंपर्क पर लोगों से संवाद करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों से बात करेंगे।

भाजपा महानगर कार्यालय में मंडल अध्यक्षों एवं अभियान संयोजकों की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बात महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि सभी अभियानों में लखनऊ आगे रहा है। अब गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, बूथ सत्यापन एवं पन्ना प्रमुख, शक्ति वंदन एवं नमो एप अभियानों में पूरी ऊर्जा के साथ सहभागिता करनी है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के पदाधिकारियों को बूथों पर जाकर 24 घंटे का प्रवास करना है। इस दौरान वरिष्ठजनों, संस्था और कमेटी के पदाधिकारियों से भी मिलना होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वोटर लिस्ट का सत्यापन एवं पन्ना प्रमुख बना करके अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दीवार लेखन अभियान के तहत सभी विधानसभा में जनप्रतिनिधि दो सौ से अधिक जगहों पर कमल का फूल बनाकर एक बार फिर मोदी सरकार के साथ बूथ संख्या लिखेंगे।

बैठक में अभियान संयोजक एवं महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि, अभिषेक खरे, विनायक पांडेय, गौरव भाटिया, पंकज सक्सेना, विजय कुमार भुर्जी, सतीश, दीपक शुक्ला दीपू, सत्येंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

16 को भाजपा कार्यकर्ता करेंगे अयोध्या दर्शन

अमृत विचार : महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि 16 फरवरी को अयोध्या दर्शन के लिए भाजपा लखनऊ महानगर के सभी कार्यकर्ताओं को दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। जिसका रजिस्ट्रेशन वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवम पार्षद को आधार कार्ड की कॉपी एवं फोटो देकर कराना होगा। शक्ति वंदन अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी महिलाओं से संपर्क करके सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करते कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद।

प्रधानमंत्री ने मछुआ समाज को विकास से जोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : निषाद पार्टी सुप्रीमो व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सोमवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर अपने सुपुत्र व चौरीचौरा से विधायक सरवन निषाद के विवाह का निमंत्रण पत्र देकर समारोह में आमंत्रित किया है। साथ ही केन्द्रीय बजट में मछुआ समुदाय के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। उप्र. में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा का लाभ सीधे तौर पर गरीब मछुआ कल्याण के लिए लाभदायक हो रहा है। इस अवसर पर उनके साथ सांसद संतकबीरनगर, प्रवीण निषाद मौजूद रहे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि SHARIFUDDIN SHUJAUDDIN, CHAUDHARY, पुत्र CHOUDHARY SARIFUDDIN निवासी ख्वाजा हाल, रूदौली अयोध्या का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर SHUJAUDDIN रख लिया है। अब मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि SUBAHI KHATUN पत्नी SHUJAUDDIN निवासी ख्वाजा हाल रूदौली, अयोध्या की रहने वाली हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर SUBHI KHATOON रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। – **अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

सूचना

मैने अपने पुत्र शनि को चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी चल, अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। उसके द्वारा किए गए लेनदेन, वाद विवाद व किसी कृत्य से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **रामचन्द्र पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला रामगंज, गुरसहायगंज, कन्नौज**

सूचना

मेरे मकान के कागजात डिड नंबर 1777 वर्ष 05/06/1984 की फोटो कॉपी करवाने के लिए कलेक्ट्री के सामने 20 जनवरी को गई थी। बीच रास्ते में कहीं खो गया। अगर किसी सज्जन को मेरा बैनामे का कागज मिले तो मेरे मोबाइल नंबर पर 9838029527 पर फोन करके मुझे सौंपने का कष्ट करें। **उमा देवी निशु देवी जी. एनरोड पोस्ट ऑफिस चौराहा, सुल्तानपुर (उ.प्र.)**

सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में गलती से उसका नाम MANASWI दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही व शुद्ध नाम MANASVI TIWARI (मनस्वी तिवारी) है। जो कि सत्य और और सही है। मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे पिता का नाम बलराम तिवारी व जन्मतिथि 15.08.1965 अंकित है जो कि अशुद्ध है। मेरे पिता के आधार कार्ड में उनका नाम– बलराम त्रिपाठी व जन्मतिथि– 10.08.1966 अंकित है जो की सत्य और सही है। मेरे सेवा पुस्तिका में मेरे माता का नाम गंगाजली व जन्मतिथि 10.05.1968 दर्ज है। जो कि गलत व अशुद्ध है। माता जी के आधार कार्ड में उनका नाम– शोभावती व जन्मतिथि– 10.08.1970 अंकित है जो कि सत्य व सही है। **शिव नाथ तिवारी पुत्र बलराम त्रिपाठी साकिन इटवा, पोस्ट परसुरामपुर, थाना परसुरामपुर, तहसील हरैया जिला बस्ती उत्तर प्रदेश** का निवासी है।

सार-संक्षेप

नशे में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर हटाए गए, होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : देवरिया में ड्यूटी के दौरान डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान को नशे में पाए जाने के प्रकरण को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सोमवार को देवरिया सीएमओ को तत्काल प्रभाव से आरोपी डॉक्टर को हटाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि देवरिया के बैतालपुर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धीरेंद्र कुमार चौहान पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि ड्यूटी के दौरान वह नशा करते हैं। ब्रजेश पाठक ने मीडिया में आई खबरों का संज्ञान लेते हुए डॉ. चौहान को हटाने की संस्तुति की है। गाजीपुर के मनिहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगने से पांच एम्बुलेंस के जल जाने के प्रकरण की जांच होगी। इसके लिए सीएमओ के अधीन दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते एमएलसी पवन सिंह चौहान, साथ में अन्य। अमृत विचार

मोटा अनाज भोज में उप मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री हुए शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : मोटा अनाज स्नेह भोज का आयोजन बक्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष एमएलसी पवन सिंह चौहान के जानकीपुरम स्थित आवास पर हुआ। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई मंत्री व विधायक शामिल हुए। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि मोटा अनाज शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। भोज में ज्वार, बाजरा, जुंडी, मडुआ, रागी, काकुन, कोंदो, सांवा, चना, , मक्का, कंगनी से बने व्यंजनों का लोगों ने जायका लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय निषाद, श्रम एवम सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहरलाल कोरी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधान परिषद सभापति कुमार मानवेंद्र प्रताप सिंह, युवा भाजपा नेता नीरज सिंह, अपर्णा यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, एकेटीयू के कुलपति जेपी पांडेय व अन्य लोग शामिल थे। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त कर्मचारी ,निदेशक , प्राचार्य, आचार्य, कर्मचारी मौजूद रहे।

सही समय पर स्क्रीनिंग से कैंसर को दी जा सकती है मात

अमृत विचार, लखनऊ : कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। रोगी की सही समय पर कैंसर की जांच होने से कैंसर को उपचार से ठीक किया जा सकता है। यह बात सोमवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उप्र. के सभागार में मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने कही। राज्य स्तरीय संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए मिशन निदेशक ने कहा कि स्तन और सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में अधिक पाया जा रहा है, वहीं पुरुषों में ओरल कैंसर के केस बढ़ रहे हैं। जिनका समय से चिन्हीकरण कर उपचार संभव है। समाज में 'कैंसर को हरायें स्वस्थ जीवन को अपनायें' की थीम को चरितार्थ किया जा सकता है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि कैंसर के शुरुआती चरणों में लक्षण बहुत स्पष्ट नहीं होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि समय से स्क्रीनिंग कराते हुए उपचार प्रारम्भ कर दिया जाए। कार्यशाला में डा0 अर्चना वर्मा, एस .जी .पी .जी .आई, के .जी .एम .यू. लोहिया संस्थान, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के प्रतिनिधि व प्रमुख जिलों के नोडल चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया गया।

राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट के दौरान प्रांतीय सिविल सेवा 2022 के प्रशिक्षु अधिकारी। अमृत विचार

47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : प्रांतीय सिविल सेवा 2022 के परिवीक्षाधीन 47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर उन्हें कर्तव्य बोध के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारी उचित न्याय व निर्णय के उद्देश्य के साथ प्रतिबद्धता से कार्य करें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल एसएम बोबडे, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी लखनऊ की महानिदेशक कल्पना अवस्थी, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी समेत प्रशिक्षु अधिकारी मौजूद थे।

शहीदों के परिजन को पर्याप्त सहायता दी जाए

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शहीदों के परिजनों को पर्याप्त सहायता दी जाएं। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबंध समिति की 50वीं बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शहीद के बच्चों को बालिग होने तक निरंतर सहायता की जाय और नियमों के तहत हर योजना से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने शहीद सैनिकों के गांव में उनका स्मारक निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने 15 सैनिक विधवाओं को पुत्री विवाह अनुदान का एक लाख रुपये का चेक, शाल, साड़ी व उपहार वितरण किया।

मुंह के कैंसर से बचना है तो रखें खुद का ध्यान

अमृत विचार, लखनऊ : मुंह के कैंसर से बचना है तो खुद ही ध्यान रखना होगा, अपनी सतर्कता से कैंसर जैसी गंभीर समस्या से बच सकते हैं। यह बात सोमवार को लोहिया संस्थान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 'मुंह के कैंसर' विषयक संपन्न जागरूकता शिविर में दंत चिकित्सा विभाग की प्रमुख प्रो. शैली महाजन ने मरीज व तीमारदारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि खुद को जाँचो, ऑरल कैंसर से बचो और तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में चर्चा की।

परामर्श

निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का हुआ आयोजन

मोबाइल में कम वॉल्यूम में बात करें : डॉ .अवधेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

108 व 102 सेवा के कॉल सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में परामर्श लेते कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार : आशियाना स्थित 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर में सोमवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अवधेश सिंह ने बताया कि जो युवा कॉल सेंटर में काम करते हैं उनके लिए जरूरी है कि वह वाल्यूम कम करके बात करें। कॉल सेंटर में धीमी आवाज में बात करने से उन्हें सुनने से संबंधित समस्याएं नहीं होंगी।

शिविर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय, सरोजिनीनगर के डॉ. सियाराम सिंह, डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. मनीष व अन्य डॉक्टर्स की टीम ने कर्मचारियों को परामर्श दिया। कैंप में कॉल सेंटर के कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया और निशुल्क दवाएं भी दी गई। कर्मचारियों की बीपी, ब्लड शुगर व अन्य जांचे भी की गई।

रोजाना एक घंटे पैदल चलें

डॉ. सियाराम सिंह ने बताया कि हाइपरटेंशन, शुगर जैसी समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि खाने में नमक और चीनी का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम एक घंटे पैदल चलें। डॉ. मनीष ने बताया कि युवा महिलाओं में ज्यादा कमजोरी लगती है तो हीमोग्लोबिन और सीबीसी की जांच कराएं और आवश्येक्ताय पड़ने पर डॉक्टर को दिखाएं।

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन.मार्ग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-मेल- nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स-0522-2622440

पत्र संख्या- 340/मु.अ./23-24 दिनांक : 3.2.2024

अति-अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 15.2.24 को मोहरबन्द अल्पकालिक निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दि0 14.2.24 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की वेबसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 15.2.24 अपरान्हन 3 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दि0 15.2.24 को अपरान्हन 4 बजे बाबू राज कुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वंय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0 में	जमानत धनराशि 10 प्रति.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18% जी.एस.टी.	कूल निविदा मूल्य
01	दौलतगंज वार्ड के अन्तर्गत अस्थाई पैन्टून ब्रिज का मरम्मत का कार्य।	847280.00	84728	2 माह	847	153	1000
02	भवानीगंज वार्ड में अशर्फाबाद में मस्जिद के बगल से वकील अहमद के घर तक सड़क का कार्य।	406583.00	40658	1 माह	407	73	480
03	भवानीगंज वार्ड के अन्तर्गत लकड़मण्डी में जैन मोबाइल शॉप से लाल कोठी तक सड़क का सुधार कार्य।	836534.00	83653	2 माह	837	151	987
04	भवानीगंज वार्ड में जोशी टोला में अवध जनरल स्टोर से आरा मशीन तक नाली व सड़क का कार्य।	757150.00	75715	2 माह	757	136	893
05	आचार्य नरेन्द्र देव वार्ड में नैपियर कालोनी पार्क में माली रूम के पास शौचालय निर्माण का कार्य।	423229.00	42323	1 माह	423	76	499
06	हैदरगंज तृतीय वार्ड के अन्तर्गत लार्ड कौशल सिटी में फैक्ट्री के पास सड़क निर्माण कार्य।	413817.00	41382	1 माह	414	74	488
07	मा0 लाल जी टण्डन वार्ड जेहटा सैथा व विभिन्न स्थानों पर नाली क्रासिंग का कार्य।	277409.00	27741	1 माह	277	50	327
08	बालागंज वार्ड में बालागंज चौराहे के पास क्षतिग्रस्त नाली का सुधार कार्य एवं पत्थर रखने का कार्य।	49606.00	4961	1 माह	50	90	59
09	मल्लाही टोला द्वितीय वार्ड में बरफखाना व झाकड़बाग में क्षतिग्रस्त गली व नाली व क्रासिंग का कार्य।	290172.00	29017	1 माह	290	52	342

शर्तें:

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
2. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017 / 81ज / 17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
4. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890 / नौ-5-19-149सा0 /2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
5. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

एक नजर

नगर निगम के स्थानांतरित अधिकारियों को दी विदाई

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता, उप नगर आयुक्त एवं अन्य स्थानांतरित अधिकारियों को सोमवार को महापौर कार्यालय में विदाई दी गई। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि सभी अधिकारियों ने निगम की कार्य संस्कृति बेहतर बनाने में सराहनीय योगदान दिया। इसके अलावा नवनियुक्त अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त और उप नगर आयुक्त रश्मि भारती का स्वागत किया गया। स्थानांतरित होने वाले अधिकारियों में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अधिशासी अभियंता पुनीत ओझा, उप नगर आयुक्त वीके श्रीवास्तव और संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त प्रज्ञा सिंह शामिल हैं।

नंद किशोर को जोन 5 व आकाश को जोन 7 की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति आकाश कुमार आवंटित कार्यों के साथ जोनल अधिकारी जोन सात का भी काम देखेंगे। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सोमवार को इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया। इसके अलावा कर निर्धारण अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी विधि नंदकिशोर को पूर्व आवंटित कार्यों के साथ जोनल अधिकारी जोन पांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

8 से होगा स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत एवं गुरु गोरक्षनाथ सेवा न्यास बीते चार वर्षों से स्वास्थ्य सेवा यात्रा का आयोजन कर रही है। समिति के अध्यक्ष डॉ. नरसिंह वर्मा ने बताया है कि 8 फरवरी से भारत-नेपाल सीमा के सीमावर्ती इलाकों में कैंप आयोजित किया जा रहा है।

अतिक्रमण की शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारित

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को चिह्नित कर तैयार करें सूची : जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार

लेखपाल पैमाइश प्रकरणों को सूचीबद्ध कर पुलिस विभाग से करें समन्वय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को चिह्नित कर उसकी सूची तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम भ्रमणशील रहकर कार्रवाई करे।

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में एंटी भू-माफिया जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति और राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को भू-माफिया के द्वारा कब्जा की गई जमीन के विरुद्ध की गई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

एंटी भू-माफिया जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक करते डीएम सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

कहा कि सभी एसडीएम अपनी-अपनी तहसील में सभी विभागों के अधिकारियों से अतिक्रमण की सूची एकत्र करें। अतिक्रमण से मुक्त कराई जाने वाली जमीन को तत्काल कब्जे में लेकर संरक्षित करें और उस पर अपना बोर्ड भी लगवा दें। डीएम ने कहा कि एसडीएम लेखपालों की मूवमेंट डायरी तैयार करें और एक सप्ताह के कार्यक्रम की जानकारी रखें। लेखपाल पैमाइश प्रकरणों की सूची बना लें और पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। डीएम ने कहा कि कार्य में शिथिलता एवं भू-माफिया के साथ संलिप्तता मिलने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान बैठक में डीसीपी पुलिस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एसडीएम, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

कानूनगो की मौजूदगी में ही होगी पैमाइश

अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि कोई भी लेखपाल कोर्ट के आदेश एवं दोनों पक्षों को सूचित किए बिना पैमाइश के लिए नहीं जाएगा। साथ ही बिना कानूनगो की उपस्थिति में कोई भी पैमाइश नहीं होगी। गिफ्ट डीड भूमि का नामांकन संबंधी प्रकरणों में सेलर का वीडियो बनवाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। डीएम ने सभी एडीएम को राजस्व परिषद के नए निर्देशों के अनुपालन में हर तहसील का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिसके लिए उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को 15 दिवसों का समय दिया ताकि राजस्व परिषद के निर्देशों का अनुपालन हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में वह 20 फरवरी से 25 फरवरी के मध्य स्वयं किसी भी तहसील का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

मंडलायुक्त ने जेई का वेतन रोका

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कार्य में ढिलाई पर स्मार्ट सिटी में तैनात जेई पर कार्रवाई की है। स्मार्ट सिटी की बैठक में जेई ऋषभ श्रीवास्तव का वेतन रोकने के साथ मंगलवार तक सभी फाइलें स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सम्बंधित अधिकारियों ने मंडलायुक्त को बताया कि भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी का सिविल कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो गया है।

92 स्मार्ट स्कूलों का कार्य 90 फीसदी पूरा हो गया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 50 प्रतिशत निर्माण हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य पूरा होने पर कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान न रोकें।

गोमती नगर में बनेगा नगर निगम का नया कार्यालय

गोपाल सिंह, लखनऊ

आरआर विभाग की जमीन हुई चिन्हित

अगले महीने से शुरू होगा काम 100 करोड़ होंगे खर्च

अमृत विचार : नगर निगम का नया कार्यालय गोमती नगर में बनेगा। इसके लिए गोमती नगर में फन मॉल के पास नगर निगम के आरआर विभाग की जमीन चिन्हित की गई है। अगले महीने से इस बहुमंजिला कार्यालय का काम शुरू हो जाएगा। इसके निर्माण पर लगभग 1,00 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए शासन बजट देगा।

लालबाग स्थित नगर निगम कार्यालय की बिल्डिंग 100 वर्ष से अधिक पुरानी है और जर्जर हो चुकी है। छतों से पानी टपकता है और फॉल्स सीलिंग भी गिर चुकी है। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। कर्मचारी संगठन कई बार कार्यालय कहीं और शिफ्ट करने की मांग कर चुके हैं। नगर निगम सदन में नया कार्यालय बनाने का प्रस्ताव पास हो चुका है। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी जमीन खोज रहे थे। पहले नगर निगम के जोन आठ में खाली पड़ी नगर निगम की जमीन पर कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन शहर से काफी दूरी होने के चलते खुले एरिया में कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि नगर निगम के गोमती नगर स्थित आरआर विभाग की खाली जमीन पर कार्यालय बनाया जाएगा। इस बहुमंजिला इमारत का काम अगले महीने शुरू हो जाएगा। इस पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए शासन से बजट जारी किया जाएगा।

चारबाग में ठहराव स्थल पर फीता काटकर ऑटो-टेम्पो संचालन की शुरुआत करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

सोमवार को हजरतगंज क्षेत्र में ठंड के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

दो उड़ानें रद, एक डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार : मौसम के बदले मिजाज के कारण दो उड़ानें रद रहीं जबकि एक को डायवर्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, मुंबई से लखनऊ आने वाली आकाश एयरलाइंस की उड़ान संख्या क्यूपी 1524 खराब मौसम के चलते कोलकाता डायवर्ट कर दी गई। वहीं, मस्कट से लखनऊ आने वाली सलाम एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या ओवी 701 और लखनऊ से मस्कट जाने वाली सलाम एयरलाइंस की उड़ान संख्या ओवी 702 को रद किया गया।

जबकि दुबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या आईएक्स 194, मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 625, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 431 देर से पहुंची।

लखनऊ से मुंबई जाने वाली आकाश एयरलाइंस की उड़ान संख्या क्यूपी 1526, लखनऊ से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 626, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 432, लखनऊ से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 955 और लखनऊ से मुंबई जाने वाली आकाश एयरलाइंस की उड़ान संख्या क्यूपी 1525 विलंब से उड़ान भर सकीं।

शहर के पांच ठहराव स्थलों से ऑटो-टेम्पो संचालन शुरू

महापौर ने चारबाग में फीता काटकर की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रति टेम्पो-ऑटो नगर निगम को मिलेंगे 2,000 रुपये

अमृत विचार : नगर निगम ने शहर में ऑटो रिक्शा और टेंपो के संचालन के लिए चारबाग सहित पांच ठहराव स्थलों पर नई व्यवस्था शुरू की है। सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने चारबाग में आयोजित एक कार्यक्रम में फीता काटकर ठहराव स्थल से ऑटो-टेम्पो के संचालन की शुरुआत की। इस मौके पर ऑटो रिक्शा-टेम्पो यूनियन के अध्यक्ष प्रभात कुमार दीक्षित, पार्षद मुकेश सिंह, सुशील कुमार तिवारी के साथ ऑटो रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

नगर निगम ने चारबाग चौराहा, अवध चौराहा, दुबग्गा चौराहा, पॉलिटेक्निक और कमता चौराहे से विभिन्न क्षेत्रों के लिए ऑटो-टेम्पो के संचालन की व्यवस्था शुरू की है। प्रति ऑटो-टेम्पो से नगर निगम को प्रतिवर्ष लगभग 2,000 रुपये की आय होगी। इससे पहले शहर के लगभग 72 स्थलों से ऑटो-टेम्पो का संचालन किया जाता था। इन्हें निरस्त कर दिया गया था। अभी नगर निगम ने पांच स्थलों से इसकी शुरुआत की है। जल्द ही नगर निगम अन्य स्थलों से भी ऑटो-टेम्पो का संचालन शुरू करेगा।

इन नियमों का करना होगा पालन : नगर निगम ऑटो एवं टेम्पो से प्रत्येक वर्ष 2,000 रुपये शुल्क लेगा। संचालन समिति को ठहराव स्थल से संचालित होने वाले प्रत्येक वाहन का विवरण रजिस्टर में लिखना होगा। समस्त वाहन चालक तथा नियुक्त कर्मचारी निर्धारित वर्दी में रहेंगे साथ ही उन्हें फोटोयुक्त पहचान पत्र दिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए एक वेब पोर्टल लांच किया जाएगा। यात्रियों व चालकों की सहायता के लिए ठहराव स्थल पर रूट चार्ट व किराया सूची लगाई जाएगी। संचालन समिति प्रतिदिन 20 रुपये प्रति वाहन संचालन शुल्क ले सकेंगे।

थमेगी बारिश, लेकिन सर्द हवाओं से नहीं मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

वैज्ञानिकों ने जताई वज्रपात की संभावना

अमृत विचार : लखनऊ और उसके आसपास जिलों में सोमवार को भी कुछ स्थानों पर छाए बादलों के बीच छिटपुट बारिश हुई। दो दिनों से हो रही बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है।

मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, मौसम में अभी खास बदलाव होने वाला नहीं है। कुछ स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के पूर्वी अग्रसरण के साथ मंगलवार को बारिश का क्रम थम जाने की संभावना है। विकरणीय शीतलन एवं सतही स्तर पर पहाड़ी क्षेत्रों से चलने वाली ठण्डी उत्तरी पश्चिमी हवाओं के कारण ऊपरी क्षोभमण्डल में 260-270 किमी/ घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है।

बे मौसम बारिश किसानों के लिए बनी आफत

कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह बताते हैं कि पिछले एक माह से लगातार अधिक ठंडक के कारण आलू में झुलसा की बीमारी पहले से ही प्रारंभ हो गई थी, ऐसे में बिन मौसम बारिश ने आलू को तेजी से सड़ाना शुरू कर दिया है। सरसों की फसल परिपक्व होने को है, जहां पर अधिक जल भराव हुआ है, वहां फसलों को नुकसान हुआ है। काफी संख्या में किसानों ने अगेती गेहूं की बुवाई कर रखी थी, बारिश के कारण गेहूं की बालियां गिर गई हैं।

चना, मसूर, मटर में इस समय पुष्पन अवस्था होती है, बारिश होने से पुनः ग्रोथ प्रारंभ हो जाती है जिससे उत्पादन के ऊपर सीधा प्रभाव पड़ता है। जायद में प्रमुख रूप से खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा की बुवाई किसान प्रारंभ कर देते हैं, बेमौसम बारिश से यह फसलें प्रभावित हुई हैं।

निर्धारित समयावधि में पूरा करें किसान पथ का काम

किसान पथ पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, रैंप का काम पूरा

कहा संबंधित अधिकारी मौके पर रहकर पूरा कराएं काम

अमृत विचार : किसान पथ मार्ग का काम लगभग पूरा हो गया है और मोहान रोड पर रोड रैंप का काम चल रहा है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने एनएचआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में काम पूरा किया जाए।

मंडलायुक्त ने सोमवार को निर्माणाधीन किसान पथ के सभी मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने किसान पथ (जलसा रिजॉर्ट) से लेकर रायबरेली, कानपुर रोड को क्रास करने वाले किसान पथ के सभी मार्गों का जायजा लिया। कहा कि किसान पथ मार्ग के समस्त निर्माणधीन कार्य लोकार्पण के पूर्व पूरे हो जाने चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर रहकर काम कराएं। इस दौरान रक्षामंत्री के ओएसडी केपी सिंह, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

ऐशबाग पुल से बुजुर्ग महिला ने लगाई छलांग, मौत

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

अमृत विचार : बाजारखाला थानाक्षेत्र अन्तर्गत ऐशबाग पुल से सोमवार दोपहर खातून (90) ने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला को छलांग लगाते देख राहगीर शोर मचाने लगे। इसके बाद राहगीरों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बाजारखाला प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, मृतका की शिनाख्त मोतीझील हबीब नगर निवासी खातून के रूप में हुई है। बेटे हसीब ने बताया कि उनकी मां मानसिक रूप से कमजोर थी। जिनका सिविल अस्पताल से भी इलाज चल रहा था। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे मां घर से कहीं निकल गईं थीं। कुछ ही देर बाद उन्हें हादसे की जानकारी हुई। जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तब रेलवे ट्रैक पर औंधे-मुंह मां को मृत अवस्था में पाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजन ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, महिला के छलांग लगने की जानकारी पर पुल पर जाम लग गया। महिला का दूसरा बेटा शाहिद नगर निगम में संविदाकर्मी है।

आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले सत्येंद्र सिवाल को भेजा जेल

विधि संवाददाता, लखनऊ : पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले सत्येंद्र सिवाल को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी की अदालत में सोमवार को पेश किया गया। जहां से उसे 7 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी को पुलिस रिमांड पर दिए जाने की मांग वाली अर्जी भी एटीएस की ओर से दाखिल की गई, जिस पर अदालत ने उसे 6 फरवरी के लिए जेल से तलब किया है। आरोपी को अदालत में पेश किए जाने के दौरान विशेष अधिवक्ता एमके सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। अदालत को बताया गया कि आरोपी भारतीय विदेश मंत्रालय में कार्यरत था तथा वह लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को गुप्त सूचनाएं भेज रहा था।

एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचिका ली वापस

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण के खिलाफ दाखिल याचिका सोमवार को वापस ले ली गई। हालांकि याची की ओर से याचिका वापस लेने के साथ ही यूपी अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने के लिए नई याचिका दाखिल करने की छूट दिए जाने का भी न्यायालय से अनुरोध किया गया,जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही न्यायालय ने दो दिनों तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश भी दिए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने फरजाना सिराज की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने संशोधन प्रार्थना पत्र व राज्य सरकार को पक्षकार बनाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया। कहा गया कि उक्त संशोधन प्रार्थना पत्र के जरिए उक्त यूपी अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट के कुछ प्रावधानों को चुनौती दी गई है क्योंकि उक्त प्रावधान संविधान के अध्याय 9ए तथा 12वीं अनुसूची के विरुद्ध हैं। इसका एलडीए की ओर से विरोध किया गया। हालांकि याची की ओर से अनुरोध किया गया कि उसे नई याचिका दाखिल करने की छूट के साथ वर्तमान याचिका को वापस लिए जाने की अनुमति दी जाए। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कहा कि प्रतिवादियों का भी यह दावा नहीं है कि उक्त बिल्डिंग अब इस्तेमाल किए जाने की स्थिति में रह गई है।

मलिहाबाद तिहरा हत्याकांड

तीनों अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ : मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड के आरोपी लल्लन खान उर्फ सिराज खान व उसके बेटे फराज खान तथा ड्राइवर अशरफी की जमानत अर्जियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हृषिकेश पांडे ने खारिज कर दिया है। जमानत अर्जी के विरोध में सहायक अभियोजन अधिकारी राजेंद्र पांडेय एवं वादी के अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह यादव ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी फरीद अहमद खान ने 2 फरवरी 2024 को थाना मलिहाबाद में दर्ज कराई थी जिसमें सिराज खान उर्फ ललन खान उनके पुत्र फराज खान, ड्राइवर अशरफी एवं फुरकान को नामजद किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया था। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

सेक्सटार्शन गिरोह ने ब्लैकमेल कर वृद्ध से वसूले पांच लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज कोतवाली में एक बुजुर्ग ने सेक्सटार्शन गिरोह के सदस्यों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बुजुर्ग का आरोप है कि गिरोह के सदस्यों ने उसके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये वसूल लिए। लगातार रुपयों की बढ़ती मांग से परेशान बुजुर्ग ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

हजरतगंज कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह के मुताबिक, पीड़ित ने बताया कि गत 10 जनवरी को उनके वाट्सएप नंबर पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही एक युवती अश्लील हरकत करने लगी। यह देख उन्होंने फोन काट दिया। इसके बाद उनके पास तीन अलग-अलग नंबर से फोन आया। जालसाजों ने अपना परिचय एसएन श्रीवास्तव, राहुल शर्मा व राकेश अस्थाना के रूप में दिया।

वह उन्हें वीडियो भेज वायरल करने की धमकी देने लगे। डर के कारण उन्होंने बताए खाते में पांच लाख रुपये भेज दिए। एक सप्ताह बाद जालसाज कॉल पर रुपयों की मांग को लेकर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से तफ्तीश शुरू कर दी है।

एक नजर

प्लाईवुड फैक्ट्री मजदूर ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, पूर्वीदीन खेड़ा हैदर कैनाल नाला निवासी चन्द्र कुमार राठौर सपरिवार रहता था। परिजनों ने बताया कि रविवार को वह घर लौटा था। फिर पत्नी सुशीला से झगड़ा कर उसे कमरे से बाहर निकाल दिया। सोमवार सुबह कमरे में लगी बल्ली से चंद्र कुमार का शव फंदे से लटकता देख वह शोर मचाते बहार निकली। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक के पिता रामकिशोर शराबी है, उनका बेटे-बहू से अक्सर विवाद होता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतक के परिवार में बेटियां ओम कुमारी (5) और एक वर्ष की बेटी मिष्ठी है।

आग लगने से सड़क पर टूट कर गिरा बिजली का खम्भा

अमृत विचार, लखनऊ : एफएसओ चौक पुष्पेंद्र यादव के मुताबिक, रकाबगंज से नक्खास जाने वाले मार्ग पर नूर टिम्बर के पास लगे बिजली के खम्भे में स्पार्किंग से आग लग गई। चंद पलों में आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और स्पार्किंग के धमाकों ने अफरा-तफरी का माहौल कायम कर दिया। स्थानीय लोगों ने फौरन बिजली विभाग को सूचना देते हुए दमकल को जानकारी दी। सुबह के वक्त क्षेत्र की दुकानें बंद होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। राहगीरों ने बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए उधर जाने वाले लोगों को फौरन रोक लिया। मौजूद लोगों ने फौरन बिजली विभाग को सूचना देते हुए दमकल को जानकारी दी। चौक फायर स्टेशन से पहुंची एक दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाने के बाद खम्भे को सड़क से हटाया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

सड़क हादसों में डिलीवरी ब्वॉय समेत तीन की मौत

विकासनगर, चिनहट और इन्दिरानगर क्षेत्र से सामने आए मामले, पुलिस ने परिजन को दी सूचना, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विकासनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत कुर्सी रोड पर रविवार रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार फूड डिलीवरी ब्वॉय शुभम कुमार (19) को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, चिनहट के इंडस्ट्रियल क्षेत्र मे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दोस्तों की पीछे से ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में संतोष कुमार (24) की मौत हो गई। जबकि दोस्त अजीत की हालत नाजुक है। उधर, इन्दिरानगर के खुर्रमनगर में सड़क दुर्घटना में घायल सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंशुल शर्मा (36) की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विकासनगर प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह के मुताबिक, मूलरूप से हरदोई जनपद के मल्लावां निवासी शुभम कुमार त्रिवेणी थर्ड-60 फीटा रोड विकासनगर में रहकर फूड डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी करता था। भाई मोहित ने बताया कि रविवार रात करीब डेढ़ बजे शुभम खाना डिलीवरी के लिए कुर्सी रोड पर इंडिया बाजार के पास जा रहा था। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार चालक ने पीछे से उसकी बाइक पर टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोहित की लिखित शिकायत पर कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

वहीं, बाराबंकी जनपद के देवा थानाक्षेत्र निवासी राजीव कुमार ने बताया कि रविवार रात भाई संतोष कुमार दोस्त अजीत कुमार के साथ बाइक से चिनहट आया था। रात करीब 12:30 बजे वह त्रिवेणी अलमीरा इंडस्ट्रियल एरिया से वापस घर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में अप्ट्रॉन चौकी के पास एक टाटा सिग्ना ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक संतोष की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने अजीत को अस्पताल में भर्ती कराया है।

इसके अलावा, विकासनगर निवासी अंशुल शर्मा निजी कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर थे। रविवार रात वह स्कूटी से घर लौट रहे थे। वह सुग्गामऊ रोड स्थित चांदन के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही साइकिल से टक्कर हो गई। साइकिल पर दूध के केन लदे थे। अचानक हुई टक्कर से अंशुल के सिर में गंभीर चोट आ गई। पुलिसकर्मियों ने उन्हें अस्पताल भेजवाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डेढ़ माह पहले ही अंशुल की शादी स्वाति के साथ हुई थी। आसपास के लोगों के मुताबिक हेलमेट न लगाए होने से अंशुल के सिर में गंभीर चोट आ गई। हेलमेट लगाए होता तो शायद उसकी जान बच जाती। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर के मुताबिक तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्टेयरिंग फेल होने से सड़क पर पलटा टेम्पो, तीन जख्मी

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला थानाक्षेत्र अन्तर्गत मवैया फ्लाईओवर ब्रिज चढ़ते समय टेम्पो की स्टेयरिंग फेल हो गई। जिसके बाद टेम्पो सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में टेम्पो चालक समेत तीन सवारियां जख्मी हो गई। आनन-फानन जख्मी लोगों को राजाजीपुरम के आरएलबी (रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल) में पहुंचाया गया है। सूत्रों की मानें तो, ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत बालागंज निवासी टेम्पो चालक सतीश सोमवार को एवरेडी तिराहे से मवैया फ्लाईओवर ब्रिज की ओर टेम्पो लेकर जा रहा था। मवैया फ्लाईओवर ब्रिज पर चढ़ते ही टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। टेम्पो पलटने से तीन लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में सिंगारनगर निवासी सैलमती गौतम व सरोजनीनगर की सुभाषिनी गौतम व चालक सतीश घायल हो गए। टेम्पो पलटने से पुल पर जाम लगा गया। मौके पर पहुंचे गुलज़ार नगर चौकी इंचार्ज आलोक पाण्डेय घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से राजाजीपुरम के रानी लक्ष्मी बाई राजकीय संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। बताया टेम्पो की स्टेयरिंग फेल हो जाने से दुर्घटना हुई है।

शादीशुदा ने दूसरी शादी रचाकर बेचा घर

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थानाक्षेत्र की रहने वाली पूजा ने बताया कि उसका तालकटोरा थानाक्षेत्र अन्तर्गत राजाजीपुरम में मकान था। आरोप है कि करीब 5 वर्ष पूर्व रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जौरिया निवासी राजमिस्त्री मुकेश उनके यहां काम करने आया था। मुकेश ने झूठ बोलकर उससे शादी रचा ली। उसके बाद उसने उसका मकान बिकवा कर अपने घर लाया। जहां उसे उसके शादीशुदा होने की जानकारी हुई। जिसके बाद उसने एक प्लाट खरीदा जिसका अभी 2 लाख रुपया देना बाकी है। महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि मुकेश उससे दो वर्षों से दूरी बनाये हुए है। मुकेश की पत्नी सुनीता व उसकी सास उसे मारने पीटने के साथ करंट लगाकर जान से मारने की धमकी दे रहे है। महिला ने तहरीर में बताया है कि वह करीब 4 वर्षों से पति-पत्नी के रूप में रहती चली आ रही है। एसओ रहीमाबाद अजीत कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के विषय में जानकारी नहीं है। अगर ऐसा कोई प्रकरण है तो जांचकर महिला की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी का बनाया था फर्जी अंक-पत्र

अमृत विचार : फर्जी दस्तावेज (अंकपत्र) के आधार पर 2003 से नौकरी कर रहे शिक्षक को एसटीएफ ने सोमवार को देवरिया से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, देवरिया जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र का निवासी है।

फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियुक्ति पाकर अध्यापक की नौकरी करने वालों के सम्बन्ध में एसटीएफ को सूचना मिल रही थी। इस पर सक्रिय हुई एसटीएफ टीम अपनी तफ्तीश को विस्तार देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया कार्यालय से छानबीन की तो धर्मेंद्र की पहचान सामने आयी। उसके बाद टीम ने उसे दबोच लिया।

गिरफ्तारी के बाद धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वह सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की शास्त्री परीक्षा का अंक पत्र व प्रमाण-पत्र फर्जी तरीके से बनाया था। साथ ही इण्टरमीडिएट (उत्तर-मध्यमा) का अंक पत्र व प्रमाण-पत्र भी इसी तरह कूटरचित करके बनाया था। उसके आधार पर वह वर्ष-2003 से शिक्षक की नौकरी कर रहा था।

सर्राफा कारोबारी की दुकान से लाखों की ज्वेलरी की पार

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- दुकान का शटर काटकर चोरों ने वारदात को दिया अंजाम
- इंटौजा में चोरों ने किराना व्यापारी की दुकान से की चोरी

अमृत विचार : विकासनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत टेढ़ी पुलिया में सोमवार अल-सुबह चोरों ने एक सर्राफा कारोबारी की दुकान का शटर काट करीब 5 लाख रुपये से भी ज्यादा सोने-चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, इटौंजा थाना के अंतर्गत रायपुर राजा गांव में चोरों ने एक किराना व्यापारी की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी और बिक्री का सामान पार कर दिया। फिलहाल दोनों ही मामलों में पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन चैयरमैन विनोद माहेश्वरी के मुताबिक, टेढ़ी पुलिया पर कुलदीप यादव की रीता ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रात करीब 3 बजे चोर उनके प्रतिष्ठान का शटर काटकर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने प्रतिष्ठान के शीशे के दरवाजे को तोड़ काउन्टर में रखी ज्वैलरी साफ कर दी। ज्वैलरी की कीमत करीब 5 लाख रुपये से भी ज्यादा आंकी गई है। बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद चोर प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी अपने साथ लेकर चंपत हो गए।

चोरों द्वारा तोड़ा गया शीशा

सुबह होने पर पड़ोसी दुकानदारों ने शटर टूटा देख सर्राफ कुलदीप यादव को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सर्राफ ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम पर जानकारी देते हुए अन्य साथियों को बताया। इसके बाद सर्राफा एसोसिएशन पदाधिकारी भी वहां पहुंचे गए। पदाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस की पेट्रोलिंग पर भी सवाल खड़े किए है। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने दुकान का मुआयना कर मौजूद व्यापारियों से बातचीत की। बावजूद इसके चोरों का सुराग नहीं मिला। जिसके बाद सर्राफ कुलदीप यादव ने विकासनगर थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

सरिया चुराकर भाग रहे चोर को पकड़ा

इंटौजा थानाक्षेत्र अंतर्गत रायपुर राजा गांव निवासी राजनारायन सिंह की शिवपुरी मार्ग पर किराने की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि रविवार की रात में चोरों ने उनकी दुकान का शटर काट करीब दो लाख रुपये का पान-मसाल समेत गल्ले में रखी 40 हजार की नकदी पार कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने शाहपुर गांव किराना व्यापारी प्रमोद सिंह दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। चोरों की आहट पाते ही किराना व्यापारी चिल्लाने लगे। पकड़े जाने के भय से चोर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया चोरी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बंथरा में निर्माणाधीन मकान से सरिया चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए चोरी की पहचान किशुनपुर कौड़िया गांव निवासी लवकुश लवकुश रावत के रूप मे हुई है।

प्रशासनिक अफसरों व पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई
- वर्ष 2017 में दबंगों ने बिल्डर से की थी मारपीट

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी कोतवाली में 2017 की तत्कालीन बीकेटी एसडीएम ज्योत्सना यादव, नायब तहसीलदार बक्शी का तालाब, अधिवक्ता कल्लन, सुशील रावत, कुंवर बहादुर, बिल्डर जयप्रकाश शुक्ला उर्फ जेपी शुक्ला, एक मुंशी, तत्कालीन थाना बक्शी का तालाब एसएसआई गिरीश चंद्र पाण्डेय , एसआई भूपेंद्र सिंह थाना बक्शी का तालाब, कई अज्ञात महिला और पुरुष सिपाही थाना बक्शी का तालाब और अन्य अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ लूट समेत कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

बीकेटी निवासी अवधेश द्विवेदी द्वारा तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद लखनऊ को दी गई तहरीर के मुताबिक 22 मई 2017 को वह हाईकोर्ट लखनऊ से अपना काम करके कलेक्ट्री के लिए निकल रहा था। इसी दौरान घर से बेटे का फोन आया कि उसके प्लॉट पर सैकड़ों पुलिस वाले अधिकारी व जेपी शुक्ला कल्लन वकील व 10-15 वकील मम्मी के साथ गाली गलौज कर जेसीबी से घर गिराने की धमकी दे रहे हैं। इस सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि एसडीएम बीकेटी ज्योत्सना यादव, सैकड़ों पुलिस कर्मियों और बिल्डर जयप्रकाश शुक्ला व वकील मौजूद हैं।

आरोप है कि बिना नोटिस दिए बाउंड्री तोड़े जाने का विरोध किया तो एसडीएम आग बबूला हो गईं। नाबालिग बेटा मोबाइल से घटना की वीडियोग्राफी कर रहा था। इस पर उसकी पिटाई कर मोबाइल छीन लिया गया। उक्त आरोपियों ने मारपीट के दौरान घर की अलमारी खोलकर 12000 रुपये व जेवरात लूट लिए। इसके बाद पीड़ित को थाने में लगभग 8 घंटे तक बंद रखा। इस दौरान प्लॉट की नींव जेसीबी से खोद डाली गई।

प्रेमिका का रिश्ता तुड़वाने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरेराह बहन के सामने भाई की पिटाई की, दी धमकी
- विरोध किए जाने पर आरोपी ने रिश्तेदारों के मोबाइल पर भेजा आपत्तिजनक मैसेज
- विभूतिखंड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की छेड़खानी की धाराओं में एफआईआर

अमृत विचार : प्रेमिका की शादी तय होने से नाराज प्रेमी फोन पर उसे धमकाने लगा। विरोध करने पर प्रेमी उसका रिश्ता तुड़वाने की भी बात कहने लगा। जिसके बाद प्रेमिका भाई के संग प्रेमी को हिदायत देने पहुंची तब आरोपी ने उसके सामने भाई की पिटाई कर दी। उसके बाद आरोपी ने प्रेमिका के रिश्तेदार मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेज दिए। प्रेमिका के पिता ने यह आरोप लगाते हुए प्रेमी के खिलाफ विभूतिखंड थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले एक पीड़ित ने भदोही जनपद निवासी उत्कर्ष भट्ट व उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि 12 फरवरी को बेटी की शादी तय है। उनके कॉलेज में पढ़ने वाले उत्कर्ष भट्ट को यह जानकारी मिली तो फोन पर गाली-गलौज कर उसका रिश्ता तुड़वाने की धमकी देने लगा। बताया कि पूर्व में उत्कर्ष भी बेटी के संग कॉलेज में पढ़ता था। इस बीच उत्कर्ष ने बेटी से शादी करने का प्रस्ताव रखा तब बेटी ने मना कर दिया था। आरोप है कि उत्कर्ष से तंग आकर बेटी भाई साथ उसे हिदायत देने पहुंची तब आरोपी ने साथियों के संग मिलकर भाई की पिटाई कर दी। विरोध किए जाने पर आरोपी ने उनके परिचितों और रिश्तेदारों के मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज भेज दिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

सार-संक्षेप

रोडवेज कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर राजधानी स्थित उत्तर प्रदेश रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम ने कहा कि 6 मांगों को लेकर बीती 20 जनवरी को क्षेत्रीय प्रबंधक को एक नोटिस दी गई थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक ने 23 जनवरी को वार्ता के लिए बुलाया। लेकिन बिना किसी लिखित आश्वासन के छुट्टी पा ली। इसके बाद जब धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई तो क्षेत्रीय प्रबंधक ने 3 फरवरी को फिर वार्ता के लिए बुलाया। लेकिन वार्ता में कोई परिणाम नहीं निकला। जिसको लेकर अब क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मांगों सहित सात सूत्री मांग पत्र भी क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा गया।

कठिंगरा से मोहान जाने वाले मार्ग की जर्जर स्थिति। अमृत विचार

कठिंगरा गांव जाने वाली सड़क पर गड्ढों से ग्रामीण परेशान

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी कस्बा क्षेत्र से जाने वाली मार्ग कठिंगरा से मोहान रोड पर जगह-जगह गड्ढे हैं। कठिंगरा गांव जाने वाली सड़क इस समय इतनी बदहाल तथा जर्जर हो गई है कि पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढे हैं या फिर गड्ढे में सड़क। जर्जर सड़क की शिकायत को लेकर पूर्व प्रधान मो. रिजवान ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवारा की युवती ने पति समेत ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट रहीमाबाद थाने में दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि उसका विवाह जानकीपुरम थाना क्षेत्र के छठामील तिवारीपुर नई बस्ती निवासी महेन्द्र पांडे के साथ 2 मई 2022 को हुआ था। विवाह के बाद से पति महेन्द्र पांडे, सास मंजू पांडे, ननद सोनाली पांडे, सावित्री पांडे व देवर धर्मेंद्र पांडे मारपीट करने लगे। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि 17 जून 2023 को उक्त लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही उसके दुधमुंहे बच्चे को छीन लिया।

जालसाज ठेकेदार गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से 21 लाख की ठगी करने वाले ठेकेदार को विकासनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूर्व में पुलिस ने आरोपी के एक साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह के मुताबिक, शाहजहांपुर जनपद के तिलहर निवासी ठेकेदार रतीराम को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने साथी बृजपाल सिंह के साथ मिलकर लोगों को बैंक में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 21 लाख रुपये वसूले थे। इसके बाद आरोपियों ने सभी को फर्जी नियुक्ति थमाकर फरार हो गए थे।

प्रेमिका से झगड़ने के बाद प्रेमी ने लगाया फंदा

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत खाली प्लॉट में झोपड़ी बनाकर रह रहे पंकज कश्यप (22) ने रविवार रात प्रेमिका से झगड़ने के बाद फंदाकर खुदकुशी कर ली। पिता ने हत्या के बाद बेटे को फंदे से लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मूलरूप से सीतापुर जनपद के पिसावां निवासी पंकज कश्यप इंदिरानगर में खाली प्लाट में झोपड़ी बनाकर रहता था। रविवार रात प्लाट के कुछ दूरी पर रही प्रेमिका से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच झगड़ा होता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी दोनों के बीच समझौता करा कर वापस चले गए। कुछ देर बाद पंकज ने झोपड़ी में बांस के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता रामकिशन ने हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल, देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

दबंगों ने ग्राम प्रधान की पिटाई कर फोड़ा सिर

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खुजौली में सरकारी जमीन पर मिट्टी डालने से इनकार करने पर ग्राम प्रधान की दबंगों ने पिटाई कर वजनदार हथियार से सिर फोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट और एससी-एसटी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक, खुजौली ग्राम प्रधान रामकुमार ने सुनील और आजाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ग्राम प्रधान ने बताया कि रविवार को सूचना मिली की डंपर से सरकारी जमीन पर मिट्टी लाकर डाली जा रही है। वह पहुंचे तो गांव के ही सुनील गुप्ता व उनका बेटा आजाद मिट्टी डलवा रहे थे। मना करने पर दोनों पिता-पुत्र उनपर टूट पड़े। आरोपियों ने वजनदार हथियार से वार कर उनका सिर फोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

छत से गिरकर मजदूर की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट थानाक्षेत्र अन्तर्गत लौलाई गांव में इकरार उर्फ मुन्ना (43) सपरिवार रहते थे। बेटे कामिल ने बताया कि पिता इकरार काफी दिनों से बीमार थे। जिसकी वजह से वह बहुत परेशान रहते थे। रविवार दोपहर वह खाना खाने के बाद घर की छत पर टहल रहे थे। बारिश के कारण छत पर पानी था, जिसकी वजह से उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गए। परिवार के लोग आवाज सुनकर बाहर आए तब तक इकरार की मौत हो चुकी थी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

शर्ट पर गर्लफ्रेंड का लिखा नाम, मारपीट

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मारपीट का वीडियो वायरल
- मामला ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत तहसीनगंज चौराहे का है



अमृत विचार : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत तहसीनगंज चौराहे पर सोमवार दोपहर निजी स्कूल की छुट्टी के बाद छात्र गुटों में जमकर लात-घूंसे चले। जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई।

इस मारपीट से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में कई छात्र एक छात्र की पिटाई करते दिखाई पड़ रहे हैं। फिलहाल, पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

सूत्रों की मानें तो, तहसीनगंज चौराहे के पेट्रोल पंप के बगल में एक निजी स्कूल की छुट्टी के दौरान एक शरारती छात्र ने दूसरे छात्र की शर्ट पर उसकी गर्लफ्रेंड का नाम लिख दिया था। शर्ट पर पेन से लिखे गए गर्लफ्रेंड का नाम पढ़कर अन्य छात्र उसका मजाक उड़ाने लगे। इसको लेकर छात्र गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते छात्र के अन्य सहपाठी भी उसके पास पहुंच गए। जिसके बाद छात्र गुटों ने शरारत करने वाले छात्र को पकड़ लिया और उसे वहीं पीटना शुरू कर दिया। चौराहे पर लात-घूंसे चलता देख वहां भीड़ एकत्र हो गई।

इसी बीच भीड़ में मौजूद एक शख्स ने मोबाइल कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि की जा रही है। छात्र की तरफ से लिखित शिकायत की जाती है तो तब पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

छेड़खानी के विरोध में महिला से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज में घटना हुई कैद, जांच में जुटी पुलिस
- महिला ने पड़ोसी के खिलाफ गुडम्बा थाने में की शिकायत
- शराब में नशे में आरोपी आए दिन करता है झगड़ा

अमृत विचार : गुड़म्बा थानाक्षेत्र अन्तर्गत जानकीपुरम में छेड़खानी के विरोध में एक युवक ने महिला की सड़क पर लात घूंसों से पिटाई कर दी। पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी महिला को धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। हालांकि, महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक नीतिश श्रीवास्तव के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पड़ोसी रीशू के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि रविवार दोपहर दो बजे आरोपी शहर के नशे में धुत होकर उससे घर में पहुंचा। जहां उसके अकेला पाकर आरोपी छेड़खानी कर गलत हरकत करने लगा। इसके बाद महिला शोर मचाती हुई घर से बाहर भागी। तभी आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। हालांकि, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

लॉन मालिक ने की खुदकुशी

संवाददाता लखनऊ/ ठाकुरगंज

- परिजन ने बताया कि एलडीए की कार्रवाई से परेशान था मुकेश

अमृत विचार : बाजारखाला थानाक्षेत्र अन्तर्गत ऐशबाग में पंजाब लॉन को एलडीए द्वारा तोड़े जाने से आहत लॉन मालिक मुकेश शुक्ला (52) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। घर पर उनका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक,टिकैतराय एलडीए कॉलोनी निवासी मुकेश शुक्ला का ऐशबाग मालवीय नगर में पंजाब लॉन नाम से मैरिज हॉल था। बेटे दिव्यांश ने बताया कि गत 24 जून को एलडीए ने लॉन तोड़ दिया था। इसके बाद से पिता काफी परेशान थे। कुछ दिन पहले वह बड़े भाई कीर्ति और मां हेमा शुक्ला के साथ लालबाग स्थित नानी के घर गए थे। सोमवार सुबह कई बार फोन किया पर पिता मुकेश का फोन नहीं उठा। सुबह करीब 10 बजे मां के साथ खाना लेकर घर पहुंचे तो पिता को कई अवाज दी पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। कमरे का दरवाजा भी लॉक नहीं था। धक्का देकर दरवाजा खोला तो पंखे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे उनका शव लटका हुआ था। परिवार वालों का आरोप है कि लॉन लीज पर था एलडीए ने उसे तोड़ दिया था। जबकि शहर में कई लॉन इससे पहले से लीज पर चल रहे हैं। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

दुस्साहस | साइबर ठग लोगों को कॉल कर मांग रहे पैसे और निजी जानकारी

हजरतगंज कोतवाली का सीयूजी नंबर हैक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने साइबर अपराधियों पर एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार: दूसरों को साइबर ठगी और जालसाजी से नसीहत देने वाली हजरतगंज पुलिस का सीयूजी नंबर जालसाजों ने हैक कर लिया। इसके बाद जालसाज लोगों को कॉल कर नशीले पदार्थ की सप्लाई करने को लेकर उनको गिरफ्तार करने की धमकी देने लगे। फिर गिरफ्तारी न करने की एवज में मोटी रकम ऐंठने की कोशिश करने लगे। हालांकि, मामला आलाधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तब पुलिस ने जालसाजों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बैंक कॉल करने पर खुलासा

हजरतगंज प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, थाने के दो सीयूजी नंबर को जालसाजों ने हैक कर लिया। पिछले एक सप्ताह से हैकर लोगों को कॉल कर उनके घर पर नशीले पदार्थ का पार्सल आने से लेकर फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनवाने का आरोप लगा रहे हैं।

इसके अलावा जालसाज लोगों की निजी जानकारी लेने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं उनसे इसका किसी को पता न चले, इसके एवज में वह रुपयों की भी मांग कर रहे हैं। जब पीड़ित ने पलट कर इन नंबर पर दोबारा कॉल की, तब सही नंबर पर कॉल लग गई। जिसके बाद पता चला कि थाने से उन्हें कोई फोन नहीं किया गया है।

इन नंबरों को किया हैक

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोतवाली के सीयूजी नंबर 7839861075 व थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर 9454403853 से कॉल आई थी और उनसे कहा जा रहा है कि उनका एक पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें मादक पदार्थ है। हैकर ने खुद को क्राइम ब्रांचकर्मी होने का भी दावा किया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच में सामने आया कि साइबर अपराधियों ने सीयूजी नंबर को हैक करने का दुस्साहस किया है। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाने व थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर की स्पूफिंग कर ली गई है। जल्द ही अपराधी को ट्रेस कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

एक नजर

सम्मान समारोह के साथ उत्तर प्रदेश दिवस का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग स्थित मवैया पार्क में चल रहा दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का सोमवार को सम्मान समारोह के साथ समापन हो गया। लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी ने इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इस आयोजन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई विभूतियों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में वैश्य व्यापारी महासभा के रष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुलहर, मवैया के पार्षद चरणजीत, श्रीकृष्णा एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन कुमार वैद्य, मनकामेश्वर मंदिर के जगदीश वैश्य, रेनबो से राजेश गुप्ता, महानगर महिला मोर्चा बीजेपी की मंत्री अनीता वर्मा और लोकगायिका शिप्रा को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सौरभ कमल और मधु सिंह ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। स्टेप वन डांस एकेडमी के कलाकार बच्चों ने ए वतन गीत पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। लोकगायिका शिप्रा ने राम बधाई जैसे गीत प्रस्तुत कर माहौल को राममय कर दिया। सुशील कुमार और प्रदीप से भूले-बिसरे गीत सुनाकर समां बांध दिया।

15 से लविवि में होगा शिक्षा का समागम

विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों को एक साथ लाएगा आयोजन : कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मंथन हॉल में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम नेशनल समिट फॉर इंस्टीट्यूशनल लीडरशिप (एनएसआईएल) के लिए एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। 15 से 17 फरवरी को लविवि में होने वाले समागम को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री और कुलपति प्रोफेसर ने बिन्दुवार जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लविवि और विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के बीच सहयोग पर जोर देते हुए समागम में उच्च शिक्षा संस्थानों की भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के सफल कार्यान्वयन और भारत में उच्च शिक्षा को बढ़ाने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उच्च शिक्षा में प्रमुखों के लिए चर्चा और विचार साझा करने के लिए एक मंच बनाना है।

लविवि में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते उच्च शिक्षा मंत्री व कुलपति।

शिक्षा की स्थिति को मजबूती देना है उद्देश्य

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि समागम को परिणाम-उन्मुख बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका अंतिम लक्ष्य भारत में उच्च शिक्षा की स्थिति को ऊपर उठाना है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि यद्यपि विशिष्ट शैक्षणिक संस्थान अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन बहु-विषयक दृष्टिकोण के विकास के लिए ज्ञान इकट्ठा करने की आवश्यकता है।

▸▸ मुख्यमंत्री, राज्यपाल समेत विभिन्न अतिथि होंगे शामिल

लविवि कुलपति आलोक कुमार राय ने कहा कि यह आयोजन विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों को एक साथ लाएगा, जिनमें कुलाधिपति, विश्वविद्यालयों के कुलपति, उच्च शिक्षा संस्थानों के निदेशक, (सरकारी और गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थान) और अन्य संस्थानों के जिम्मेदार शामिल होंगे। इस समागम में यूजीसी के चेयरमैन, एनएएसी के डायरेक्टर और एआईसीटीई के चेयरमैन भी मौजूद रहेंगे। समागम के कार्यक्रम में राज्यपाल आंनदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष अनिल सहस्रबुद्धे, पद्मश्री पुरस्कार विजेता चामू कृष्ण शास्त्री और अन्य मौजूद होंगे।

रस्साकशी में दिखा छात्राओं का दमखम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता के 7वें दिन साहित्यिक प्रतियोगिता, ट्रैक प्रतियोगिता और रस्साकशी प्रतियोगिता के आयोजन हुए। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

साहित्यिक इवेंट्स के क्रम में जस्ट ए मिनट और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सुभाष हॉल में किया गया। जस्ट इन मिनट एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जज की भूमिका में डॉ. अमर तिवारी और डॉ. सुयुष यादव रहे। जस्ट इन मिनट में प्रथम स्थान एलबीएस हाल एवं द्वितीय स्थान हबीबुल्ला हाल ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होमी जहांगीर भाभा हाल की टीम ने जीती। दूसरे स्थान पर महमूदाबाद हाल की टीम रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश हॉल और गोल्डन जुबली हॉल ने सम्मिलित रुप से अर्जित किया।

रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्राएं।

▸▸ होमी जहांगीर भाभा हॉल की टीम ने जीती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएं लुआ ग्राउंड में आयोजित की गईं। 100 मीटर दौड़ में अर्जुन सिंह, हबीबुल्ला हॉल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल, 400 मीटर दौड़ में महमूदाबाद और रिले रेस में सुभाष हाल ने बाजी मारी। उधर महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में कैलाश हाल की महिमा शुक्ला ने जीत दर्ज की।

जुबली हॉल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

छात्राओं की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता गोल्डन जुबली हाल में आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय आध्यात्मिक धरातल पर विकसित भारत 2024 था। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कैलाश हॉल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन हिमानी चौधरी, डॉ. किरण लता डंगवाल और डॉ. अंकिता वर्मा द्वारा किया गया।

समाज कल्याण के स्कूलों के बच्चों को यूनिफॉर्म क्यों नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को यूनिफॉर्म की सुविधा दी जाती है तो समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों को क्यों नहीं दी जाती।

न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 21 फरवरी नियत करते हुए, स्थाई अधिवक्ता को सरकार से समुचित निर्देश प्राप्त करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने यूपी अनुसूचित जाती प्राथमिक विद्यालय शिक्षक एसोसिएशन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याची की ओर से कहा गया है कि 26 अक्टूबर 2023 के ऑफिस मेमोरेंडम के जरिए समाज कल्याण विभाग के स्कूलों के बच्चों को यूनिफॉर्म की सुविधा देने से इनकार कर दिया गया है।

चित्रकारी कर दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अपनी कार्ययोजनाओं एवं उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर कुल सचिव की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

मेले में दिव्यांगता के प्रारभिक लक्षणों का परीक्षण किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ललित कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा चित्रकारी की प्रदर्शनी लगायी गई। ललित कला संकाय के विद्यार्थियों चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वर्कशॉप मैनेजर रंजीत कुमार, सहायक आचार्य सन्त प्रकाश गौतम, कुमार पाल सिंह, ओम दुर्गेश, सांकेतिक भाषा अनुवादक व ललित कला संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर जानकारी देते छात्र। अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के छात्र हुए शामिल

ट्रेन में औरतों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चलती ट्रेन में एक महिला के साथ सामुहिक दुराचार किए जाने व उसे ट्रेन से फेंकने के वर्ष 2016 के मामले पर दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए, रेल मंत्रालय को नोटिस जारी किया है।

न्यायालय ने पूछा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने मऊ में हुई उक्त घटना पर दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर पारित किया। न्यायालय को बताया गया कि उक्त घटना की पीड़िता को पाउने चार लाख मुआवजे में से दो लाख 81 हजार रुपये दिए जा चुके हैं, इस पर न्यायालय ने पूछा कि अब तक बाकी रकम क्यों नहीं दी गई। अगली सुनवाई मार्च में होगी।

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ
पत्रांक: 3003/ई0ई0(एच0क्यू0)/2023-24
दिनांक: 05/02/2024
अति अल्पकालिक निविदा सूचना
जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12/02/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 12/02/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 12/02/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।
1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे 32 एम0एम0 साईज़ के जी0आई0 पाईप की आपूर्ति, धरोहर धनराशि रु0 6,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 300.00
अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

सार-संक्षेप

लविवि में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा लोक प्रशासन विभाग में निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 से अधिक छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रति कुलपति तथा कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद अवस्थी रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. नन्द लाल भारती संयोजक और अटल सुशासन पीठ ने किया। निबंध प्रतियोगिता के प्रथम विजेता उत्कर्ष सिंह, द्वितीय स्थान पर सत्यम कुमार यादव, तृतीय स्थान पर ओशिका सिंह रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इंद्रजीत शुक्ल, द्वितीय स्थान पर रिया गोस्वामी तथा तृतीय स्थान शताक्षी दीक्षित व अनुष्का वाजपेई ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

हुसैनाबाद में हुआ हजरत गुफरानमआब पर सेमिनार

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनाबाद कन्वेंशन सेंटर में हजरत गुफरानमआब पर सेमिनार किया गया। इस सेमिनार में देश भर से आये उलमा ने मदारिस के किरदार पर बात की। उलमा ने दिलदार अली गुफरानमआब की धार्मिक सेवाओं पर विस्तार से रोशनी डाली। प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद द्वारा आयोजित इस सेमिनार में ईरान से आये आयतुल्लाह डॉ. अली अब्बास अब्बासी ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त किये।

इमाम मूसा काजिम की शहादत की याद में निकला ताबूत

मौलाना सैय्यद

अमृत विचार, लखनऊ : इमाम मूसा काजिम की शहादत की याद में छोटे इमामबाड़े में सोमवार को दूसरी मजलिस को मौलाना सैय्यद कंबर अली रिजवी ने खिताब किया। छोटे इमामबाड़े में असीरे बगदाद का मातम शीर्षक से तीन दिवसीय मजलिसों का आयोजन किया गया है। मौलाना ने इस मजलिस में इमाम मूसा काजिम की जिन्दगी के उन पहलुओं को बयान किया जिसमें उनके सामने दुश्वारियां ही दुश्वारियां थीं। हक़ की बात करने के जुर्म में उन्हें जिन्दगी का लम्बा अर्सा जेल में बिताना पड़ा। उन्होंने कहा कि इमाम मूसा काजिम को कैद के दौरान इतनी तकलीफें दी गईं कि वह सिर्फ हड्डियों का ढांचा भर रह गए थे। उनका एक चाहने वाला उनसे मिलने कैदखाने में आया तो उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे कि कैदखाने के फर्श पर सिर्फ चादर पड़ी हुई है। मजलिस के बाद छोटे इमामबाड़े में इमाम का ताबूत निकाला गया। जिसे देखकर लोग रो पड़े। इस मौके पर इमामबाड़े के बाहर खादिमाने इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया।

महिला शक्ति को समर्पित रहेंगे मार्च के पांचों शुक्रवार

अमृत विचार, लखनऊ : नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरुआत पहली मार्च से होगी। महिला दिवस इस बार शुक्रवार को होगा, इसलिए मार्च के पांचों शुक्रवार मिशन शक्ति को समर्पित रहेंगे और हर शुक्रवार को द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव मनाया जायेगा। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि 01, 08, 15, 22 और 29 मार्च को विभिन्न वर्गों से सम्बन्ध रखने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को शामिल किया जायेगा। पहली मार्च को गोमतीनगर की रेल विहार कालोनी के घरों में काम करने वाली महिलाओं को नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान दिया जायेगा। आठ मार्च को महिला दिवस के साथ-साथ शिवरात्रि महापर्व भी है इसलिए उस दिन शिव की शक्ति थीम पर कार्यक्रम होगा। इस मौके पर महिला दिवस स्लोगन, चित्रकला, नृत्य और गायन आदि के सात मार्च तक मिलने वाले वीडियो सोशल साइट्स पर शेयर किये जायेंगे। 15 मार्च को शिक्षा, खेल और कला आदि क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। 22 मार्च को घरेलू महिलाओं को समर्पित होगा। इस दिन होली के फाग गायन, व्यंजन, रंगोली आदि पर रंग-रंगीली सहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 29 मार्च को पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिलाओं को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान दिया जायेगा।

कबीर की अहमियत दर्शाता नजर आया सनतकदा महोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : सफेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में चल रहे सनतकदा महोत्सव में आशिकाना लखनऊ के साथ-साथ कबीर के दृष्टिकोण पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया ने कहा कि सच्चे प्रेमी का ईश्वर से सीधा सम्पर्क होता है। उन्होंने कहा कि कबीर ने अपना पूरा अस्तित्व ही मानवता और प्रेम के लिए समर्पित कर दिया। कबीर की जिन्दगी का एक ही मकसद था कि समाज में शान्ति रहे और मानवता का विस्तार हो। उनके भजन समाज में बदलाव लाने वाले साबित हुए। सनतकदा महोत्सव में सफेद बारादरी में विभिन्न प्रदेशों के शिल्पियों की कला के कद्रदानों का जमावड़ा उमड़ रहा है। हाल के भीतर कपड़ों का बड़ा कलेक्शन है तो बाहर चबूतरे पर सांस्कृतिक मंच के तीन ओर स्टाल बनाये गए हैं। यहां पर छोटी-छोटी मूर्तियां हैं, बदलते दौर के सिक्के हैं, तरह-तरह डिजाइनर बर्तन हैं। बीच में सांस्कृतिक मंच पर संगीत के कार्यक्रम चल रहे हैं। सनतकदा महोत्सव में ग़ालिब की शायरी सुनने को मिली। मीर का कलाम सामने आया। तो कबीर का दौर भी जिन्दा होता नजर आया। मौजूदा दौर में कबीर की जरूरत पर भी बात हुई। कबीर एक ऐसी शख्सियत हैं जिनकी वजह से जिन्दगी में बदलाव संभव है। कबीर के भजनों से लोगों में बदलाव आया भी है। कबीर के भजनों का प्रकाश यहां लोगों ने महसूस किया। महोत्सव में आने वालों को लखनऊ के प्रसिद्ध स्थलों की सैर का भी इंतजाम किया गया है। लखनऊ के मशहूर और लजीज व्यंजनों को चखने का मौका भी दिया जा रहा है। अच्छे खाने के लालच में लोग पुराने लखनऊ की गलियों में चहलकदमी करने में भी दिक्कत नहीं महसूस कर रहे हैं।

वयोवृद्ध संगीत साधिका प्रो. कमला श्रीवास्तव का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रो. कमला

▸▸ भातखंडे संगीत संस्थान से सहायक प्रोफेसर पद से हुईं थीं सेवानिवृत्त

▸▸ मृत्यु से पहले कमला श्रीवास्तव ने केजीएमयू को किया देहदान

अमृत विचार : प्रख्यात लोक गायिका प्रो. कमला श्रीवास्तव का रविवार को देर रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। भातखंडे संगीत संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) से सहायक प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुईं कमला श्रीवास्तव अपने आखिरी समय तक संगीत को समर्पित रहीं। राजधानी में संगीत का शायद ही कोई कार्यक्रम होता हो जिसमें उनकी मौजूदगी न होती हो। मरने से पहले उन्होंने केजीएमयू को अपनी देहदान कर दी थी। मौत के बाद परिवार के लोगों ने केजीएमयू को सूचित कर दिया। मेडिकल विश्वविद्यालय के स्टाफ ने जानकीपुरम के सहारा ग्रेस स्थित उनके आवास से उनका शव ले लिया। जीवन भर संगीत की शिक्षा देने वाली कमला श्रीवास्तव की मृत देह से अब मेडिकल छात्र पढ़ाई करेंगे।

प्रो. कमला श्रीवास्तव आकाशवाणी और दूरदर्शन के अलावा श्रीलंका रेडियो पर लोक, सुगम और शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत करती थीं। वह कवियत्री भी थीं और अवधी, भोजपुरी व हिन्दी में कविताएं लिखती थीं। वर्ष 2010 में उनकी पुस्तक गीत वाटिका प्रकाशित हुई थी। उन्हें उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, हिन्दी संस्थान से तो सम्मानित किया ही गया। वर्ष 2016 में उन्हें यशभारती से भी अलंकृत किया गया।

प्रो. कमला श्रीवास्तव को संस्कार भारती से वीरांगना, कला साधक और शास्त्रीय एवं लोक गायन पुरस्कार पुरस्कार मिला। संगीत नाटक अकादमी से लोकगीत गायन में सम्मान मिला। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश ने उन्हें देवी अहिल्या सम्मान दिया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने यश भारती, देवी सम्मान कई अन्य सम्मानों से भी अलंकृत किया गया। प्रो. कमला श्रीवास्तव के बेटे रविश खरे ने बताया कि जब उनकी देह को मेडिकल विश्वविद्यालय के लिए रवाना किया गया, उस समय कलाकारों ने लोक धुनों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी प्रिय रामधुन भी इस मौके पर बजाई गई। इस मौके पर पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, पद्मश्री अनूप जलोटा समेत अन्य ने भावभीनी विदाई दी।

प्यार की दास्तान सुना गया चांदनी रात का सेतु

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

वाल्मीकि रंगशाला में मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार।

अमृत विचार : नाट्य संस्था थियेट्रान ने सोमवार की शाम को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक चांदनी रात का सेतु का मंचन किया। मनोज दास द्वारा लिखित और पुरुषोत्तम शाक्य द्वारा निर्देशित नाटक चांदनी रात का सेतु में अतीत, वर्तमान और भविष्य की बात की गई है।

88 साल के बुजुर्ग अशोक अपने घर के बरामदे में बैठकर चांद नाम के युवक से बात कर रहे हैं। एक दिन सुधीर अशोक को याद दिलाता है कि जब आप अध्यापक थे तो कॉलेज में पढ़ने वाली चारु से प्यार किया करते थे।

सुधीर के याद दिलाने पर अशोक को चारु याद आ जाती है। वह कहते हैं कि हां मैं उससे प्यार करता था लेकिन वह मुझसे प्यार नहीं करती थी। सुधीर बात काटता है कि नहीं चारु भी आपसे प्यार करती थी। अचानक इतने साल बाद अपने प्यार की दास्तान सुनने के बाद अशोक खुद को भाग्यवान मानते हुए चांद को तकने लगता है। नाटक में शुभम गौतम, चारु शुक्ला, तन्मय लहरी, दिव्यांश और अबरार ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित पर्यावरण पर गोष्ठी को संबोधित करतीं वक्ता।

भारतीय संस्कृति में मिलता है पर्यावरण और आध्यात्मिकता का सुंदर विवरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ संस्कृति का प्रभाव यूक्रेन के आम लोगों पर दिखाई पड़ता है : प्रो पावलो

अमृत विचार : भारत विकास परिषद की गोमतीनगर विस्तार शाखा और द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के ख्यातिलब्ध वैज्ञानिकों ने भारतीय संस्कृति और उसके वैज्ञानिक महत्व पर्यावरण के सन्दर्भ पर अपने विचार व्यक्त किये।

संगोष्ठी में यूक्रेन से आये पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. पावलो ने कहा कि भारतीय संस्कृति का प्रभाव यूक्रेन के आम लोगों पर दिखाई पड़ता है। इसका विवरण उन्होंने गीता, रामायण, पुराण और मेघदूत का उदाहरण देते हुए दिया। थाईलैंड के पर्यावरण वैज्ञानिक प्रो. सीसी टैन ने यहां कहा कि भारत धर्मों की जननी है। उन्होंने कहा कि पर्यवारण और आध्यात्मिकता का जितना सुंदर विवरण भारतीय संस्कृति में दिखता है उतना कहीं भी नहीं दिखता।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (प्रयागराज) के कार्यकारी सचिव एके श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के योगदान की चर्चा करते हुए इस आयोजन के लिए भारत विकास परिषद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन होते रहेंगे। इस मौके पर भारत विकास परिषद के संगठन सचिव संजय सिंह, नेशनल बाटनिकल इन्स्टीट्यूट के प्रो. आरडी त्रिपाठी और डॉ. मंगेश शर्मा भी मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोश्चित्तेन वा चितं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तथोमैत्री न जीवर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

संपादकीय

कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट

डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

> ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

प्रसंगवश

देर से किया कम दुरुस्त निर्णय

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आरक्षण समानता की गारंटी नहीं

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

सोशल फोरम

निरंतर क्रिया है पलटना

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं

देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

> क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

व्यंग्य

वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।

एक नजर

उत्तरधौना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गोशाला बनेगी

अमृत विचार , लखनऊ : नगर निगम उत्तरधौना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गोशाला बनाएगा। इस प्रस्ताव को नगर निगम सदन से मंजूरी मिल चुकी है। यह गोशाला स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित की जाएगी। यहां सभी दुधारू गाय रहेंगी। इनके लिए प्राकृतिक माहौल बनाया जाएगा। इन गायों को बांधा नहीं जाएगा। यूपी सरकार ने बजट में गौशालाओं के लिए धनराशि का प्रावधान किया है।

सीएम ग्रिड योजना से बनेंगी शहर की आठ सड़कें

अमृत विचार , लखनऊ : राजधानी में सीएम ग्रिड योजना के तहत आठ सड़कें बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इस योजना के तहत नगर निगम लखनऊ की आठ सड़कों को बेहतरीन बनाएगा। नगर निगम ने बीते दिनों इन सड़कों का चयन करके प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। इसके लिए बजट में सरकार ने धनराशि का प्रावधान किया है। योजना के तहत मुख्यमंत्री को लोक भवन कार्यालय आने-जाने के लिए पार्क रोड वैकल्पिक मार्ग के तौर पर तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 600 करोड़

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश के 75 जिलों में इस बार 1 लाख 40 हजार का पंजीकरण हुआ है। अभी तक 70 हजार जोड़े परिणय सूत्र में बंध चुके हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार ने सोमवार को बजट के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 600 करोड़ की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जमा की जाती है। अभी तक 40 हजार से अधिक जोड़ों को 35 हजार रुपये के हिसाब से भुगतान किया जा चुका है।

पेंशन योजना में बढ़ा बजट, अब मिलेंगे 15 हजार करोड़

वर्तमान में 75 जिलों में 47 लाख से अधिक लोगों को दिया जा रहा है योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बजट बढ़ने से बढ़ सकती है पात्रों की संख्या, नए वित्तीय वर्ष से मिलेगा बढ़ा हुआ बजट

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पेंशन योजनाओं में बजट और बढ़ा दिया गया है। पेंशन योजना में अभी 11 हजार करोड़ रुपये का बजट मिल रहा था और अगले वित्तीय वर्ष से 15 हजार करोड़ रुपये का बजट मिलेगा।

बता दें कि पेंशन योजना में बजट बढ़ाने की मांग काफी समय से हो रही थी। शासन स्तर पर भी इस बात को लेकर विचार हो रहा था। साथ ही केंद्र सरकार को इसका प्रस्ताव समाज कल्याण विभाग की ओर से भेजा गया था। प्रदेश के 75 जिलों में तीसरी तिमाही में 47 लाख 55 हजार 138 पात्रों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। पात्रों को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से पेंशन दी जाती है। पेंशन की धनराशि पात्रों के खाते में जाती है। पेंशन योजना में केंद्र सरकार भी सहयोग देती है।

पेंशन योजना में बजट बढ़ने से इसका दायरा भी बढ़ेगा और पात्रों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। सूत्रों की मानें तो 55 लाख लोगों को पेंशन योजना का लाभ मिल सकता है। पेंशन योजना का बजट नए वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण निदेशालय को मिलने लगेगा। समाज कल्याण निदेशक के अनुसार पेंशन में 12834.46 लाख की वृद्धि हुई है।

60 हजार को दी जा रही है पेंशन

अमृत विचार, लखनऊ : विधान पेंशन (निराश्रित) का लाभ जिले में 60 हजार को तो मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ 8600 को मिल रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अभी तक 15 हजार रुपये पात्र को दिए जा रहे थे मगर अब 25 हजार रुपये के हिसाब से दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बच्ची के जन्म से पढ़ाई तक की अवधि में 15 हजार रुपये छह चरणों में दिए जाते हैं। अब इस राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है।

छात्रावासों के बहुरेंगे दिन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने बजट पेश करने के दौरान समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा। सरकार का फोकस जरूरतमंद लोगों पर अधिक रहा। प्रदेश में संचालित हो रहे छात्रावासों और आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्रों को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए 125 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है।

सफाई से बदलेगी सूरत

अमृत विचार, लखनऊ : गावों की साफ-सफाई में पंचायती राज विभाग किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। बजट में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को पहले से अधिक धनराशि मिलेगी। इसमें ओडीएफ प्लस के तहत अधिक छूटे परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय दिए जाएंगे। सोमवार को पेश हुए बजट में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बजट प्रस्तावित किया गया। इससे कयास लगाए गए कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश में 10 लाख व्यक्तिगत शौचालय बनाने का लक्ष्य था। जो 2024-25 में इससे अधिक होगा। इस योजना में लाभार्थी को कुल 12000 रुपये शौचालय निर्माण के लिए मिलते हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग को मिलेंगे 13 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग को 13 हजार करोड़ से ज्यादा धनराशि प्रावधानित है। इसमें पुष्टाहार योजनाओं के लिए लगभग पांच हजार 129 करोड़ की व्यवस्था की है तो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में लगभग 971 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। कन्या सुमंगला योजना के लिए 700 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिलाओं के भरण पोषण अनुदान -समाज कल्याण विभाग के तहत योगी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए सात हजार 377 करोड़ रुपए की व्यवस्था है। वहीं, पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिलाओं के भरण पोषण अनुदान के लिए 4073 करोड़ रुपए दिए गए हैं। अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए एक हजार 862 करोड़ रुपए दिए गए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बेटियों के लिए 600 करोड़ रुपए दिए हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के लिए 22 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

अयोध्या हाइवे पर खर्च होंगे 350 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

100 एमएम मोटाई की बनेगी सड़क, जल्द शुरू होगा काम

श्रद्धालुओं की भीड़ 22 फरवरी के बाद से चार गुना बढ़ गई है

अमृत विचार : लखनऊ से अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन को बेहतर करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) हाईवे की मोटाई 100 एमएम करने जा रहा है। इसके लिए 350 करोड़ रुपये खर्च होगा।

एनएचआई अफसरों के मुताबिक अगर श्रद्धालुओं की भीड़ दस गुना बढ़ती है तो कोई परेशानी नहीं होने वाली है। चरणबद्ध तरीके से यह कार्य किया जाएगा। फरवरी के अंतिम सप्ताह से यह काम शुरू कर होगा। लखनऊ से अयोध्या जाने वाले 120 किलोमीटर के मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ 22 फरवरी के बाद से चार गुना बढ़ गई है। श्रद्धालुओं की संख्या उस वक्त और बढ़ जाएगी जब अयोध्या बनारस व उज्जैन की तरह पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इस दौरान ट्रैफिक का बढ़ना तय है। इसको देखते हुए एनएचएआइ ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

प्राधिकरण के परियोजना प्रबंधक सौरभ चौरसिया ने बताया कि प्रोजेक्ट 350 करोड़ का है। इसे पूरा करने के लिए टेंडर की प्रकिया पूरी कर ली गई है। एजेंसी अपनी मशीनों का लाने का काम कर रहा है। प्रयास है कि फरवरी के अंतिम सप्ताह या फिर मार्च 2024 से काम शुरू हो जाएगा।

अयोध्या में एनएचएआई का कार्यालय व गेस्ट हाउस खुलेगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अयोध्या में अपना कार्यालय खोलने जा रहा है। लखनऊ की तरह केंद्र सरकार यहां भी अपना एक प्रोजेक्ट निदेशक की तैनाती करेगा। यहां तैनात टीम अयोध्या आने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा पूर्वांचल के जिलों के हाई वे का रखरखाव व नए हाई वे का निर्माण करेगी। इसके अलावा अयोध्या में वीआइपी मूवमेंट के लिए प्राधिकरण कार्यालय में भी एक छोटा गेस्ट हाउस बनाया जाएगा।

सार-संक्षेप

विकास की हकीकत से कोसों दूर है बजट : डीपी यादव

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार का बजट विकास की हकीकत से कोसों दूर है। योगी सरकार द्वारा पेश किया गया 2024-25 का बजट बेहद ही निराशाजनक है। ये बातें सपा नेता डीपी यादव ने कहीं। उन्होंने कहा कि इस बजट में काम की कोई भी चीज नहीं है। खस्ताहाल चिकित्सा व्यवस्था के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं है। किसानों की आय दुगनी करने की जो बात सरकार करती है उसकी भी व्यवस्था नहीं है। महिलाओं के लिए बजट बेहद निराशाजनक है, तो दूसरी तरफ बेरोजगार युवाओं को रोजगार और नौकरी के लिए बजट में कोई नीति नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट किसान, मजदूर, नौजवान, मध्यम वर्ग और महिलाओं को बेहद निराश करने वाला बजट है।

निजी ऑनग्रिड पम्पों के लिए 100 करोड़ की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : पीएम कुसुम घटक सी-1 योजना के तहत निजी ऑनग्रिड पम्पों के सोलराइजेशन के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। यह वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुना है। इसी तरह, प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 के क्रियान्वयन के लिए 60 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। यह वर्तमान वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत आगामी 5 वर्षो में 22,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में वर्ष 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है। प्रदेश में अब तक 328 मेगावॉट की सोलर रूफटॉप परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी है। अयोध्या व वाराणसी शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक मार्ग प्रकाश की सुविधा के लिए अब तक लगभग 3 .35 लाख सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्रों की स्थापना कराई जा चुकी है।

बजट में कर्मचारी हितों को नजरंदाज किया गया : अतुल मिश्र

अमृत विचार, लखनऊ : बजट में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा नही हुई है, बजट में कर्मचारी हितों को नजरंदाज किया गया है। ये आरोप लगाते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्र ने बजट को कर्मचारी के प्रतिकूल बताया है । परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत और प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि कर्मचारियों की मांग थी कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए लेकिन बजट में कोई घोषणा नहीं की गई, इसलिए कर्मचारियों के लिए यह बजट आशा के विपरीत रहा है । उन्होंने कहा कि निजीकरण की योजनाएं कभी भी जनहित में नहीं हो सकती इसलिए सरकार को स्थाई रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए । पीपीपी मॉडल पर जो मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं उनमें भी स्थाई रोजगार की घोषणा नहीं है ।

अधिवक्ताओं को भी मिली सौगात

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : राज्य सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपये देगी।

ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ शहर के विकास पर प्रदेश सरकार ने बजट में दिल खोलकर खर्च किया है। लखनऊ में गोमती किनारे आईआईएम रोड से किसान पथ तक लगभग 57 किलोमीटर लंबा फोर लेन ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। इससे लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। गोमती नदी के बायीं ओर 29 किलोमीटर और दायीं ओर तट पर लगभग 28 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। सोमवार को कैबिनेट में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए शासन एलडीए को बजट जारी करेगा। इससे ग्रीन कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को रफ्तार मिलेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण को ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है। 2022 में एलडीए ने शासन को प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन दिया था। प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए बजट की समस्या आ रही थी। प्रोजेक्ट पर लगभग 4,000 करोड़ रुपये खर्च आएगा। शासन से तय किया गया कि इस प्रोजेक्ट में आने वाले खर्च के लिए सिंचाई विभाग सहित अन्य विभाग अपनी जमीनें लखनऊ विकास प्राधिकरण को मुफ्त में देंगे। इन्हें बेचकर एलडीए विकास शुरू करेगा।

प्रदेश में छात्रवृत्ति के लिए 25 लाख ने किया आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना में अगले वित्तीय वर्ष से बजट बढ़कर आने की उम्मीद है। समाज कल्याण विभाग की ओर से पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति दी जाती है। इस बार 25 लाख से अधिक छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है। अनुसूचित जाति के छात्र 31 मार्च तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक फरवरी को केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम बजट में भी छात्रवृत्ति का बजट बढ़ाने की बात कही गई थी। दूसरी ओर सोमवार को प्रदेश सरकार की ओर से अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए 1862 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

किसी को राहत तो किसी के लिए उम्मीदों भरा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : बजट को लेकर अमृत विचार ने लोगों से उनकी राय ली। समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने विचार व्यक्त किए...

यूपी शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. एनएमपी वर्मा कहते हैं कि केंद्र हो या फिर राज्य सरकार, सभी एक शिक्षा नीति के सहारे शिक्षण संस्थानों को जोड़ रहे हैं। उप्र शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है।

शोध और छात्रवृत्ति को मिलेगा बढ़ावा

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी कहती हैं कि जिस तरह से उच्च शिक्षा और विश्वविद्यालयों को लेकर बजट की व्यवस्था की गई है। निश्चित रूप ये शोधार्थियों और छात्रवृत्ति के सहारे पढ़ाई पूरी करने वालों के लिए मददगार रहेगा।

प्रतिक्रियाएं

स्टॉक और शेयर बाजार में मिले राहत तो बने बात

यूएसए स्टॉक सिक्योरिटीज की प्रबंधक सैय्यदा उज्बा अफसर का मानना है कि शासन की व्यवस्था का असर स्टॉक और शेयर बाजार में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से देखने को मिलता है। प्रदेश में व्यवस्थित व्यवस्थाओं का परिणाम है कि शेयर बाजार के माध्यम से कई कंपनियों ने अपने आय के स्रोत खोले हैं।

अधिक सुविधाजनक हैं इस शासन में कराए जा रहे कार्य

सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन के प्रबंधक प्रदीप सिंहा कहते हैं कि पूर्ववर्ती शासनकाल में कार्य के दौरान तमाम तरह के डर बना रहता था। लेकिन इस शासन में ऐसा नहीं है, बिना किसी समस्या के प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पुल बनाने का कार्य आसानी से कराया जा रहा है।

ऑनलाइन व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी समस्या

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि सरकार ने किसानों के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की मजबूती को लेकर कई योजनाएं दी हैं। जो शहर और उससे जुड़े क्षेत्रों के लिए तो बेहतर है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी ये एक बड़ी समस्या है।

सरकार के मद बन रहे युवाओं के लिए 'संजीवनी'

शासन के मद युवाओं, खासकर छात्रों के लिए संजीवनी बन रहे हैं। विश्वविद्यालय के छात्रों का मानना है कि उच्च शिक्षा को मिल रही सहूलियतों के बल पर प्रदेश के विवि ने नए आयाम स्थापित किए हैं। जल्द ही एकल व्यवस्था अंतराष्ट्रीय स्तर पर नए आयाम गढ़ेगी।

चुनावी साल में साहसिक बजट : अनिल पांडेय

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि 736000 करोड़ रुपये का बजट पेश करना प्रदेश सरकार के साहस और आत्मविश्वास को दर्शाता है। प्रदेश सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए डार्क जोन में नए प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शन देने पर लगी रोक को हटा लिया है। अयोध्या और वाराणसी मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित होंगे। अयोध्या में एयरपोर्ट विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपये, प्रयागराज में महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बनेंगे बरात घर और जिम

राज्य सरकार के बजट में ग्रामीण विकास पर दिया गया खास जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार के बजट में ग्रामीण विकास पर खासा जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बेघरों को छत मुहैया कराने के लिए विशेष प्रावधान बजट में किए गए हैं।

वहीं, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक कार्य व अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बारात घर का निर्माण भी कराया जाएगा। बारात घर के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पंचायती राज विभाग के लिए अच्छी राशि

ग्रामीण विकास के मद में सरकार 25,409 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के लिए भी भारी भरकम राशि 21,197 करोड़ की व्यवस्था बजट में की गई है ।बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अब तक 36 .15 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसके सापेक्ष 34 .14 लाख का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इसी मिशन पर आगे बढ़ते हुए हर वंचित को छत देने के लिए बजट में 2441 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जबकि पीएम आवास योजना से छूटे लोगों को आवास मुहैया कराए जाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2018 से अब तक 2 .03 लाख आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

स्टेडियम एवं ओपेन जिम भी बनाया जाएगा

पंचायत कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए ई-बिल कंप्यूटर सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। इस मद में 3.5 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम एवं ओपेन जिम का निर्माण भी किया जाएगा।

बजट में विशेष रूप से इसके लिए 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश मातृ भूमि योजना को आगे बढ़ाते हुए 33 करोड़ का इंतजाम बजट में किया गया है।

परिवार कल्याण पर दिया गया विशेष ध्यान

यूपी सरकार के बजट में प्राथमिक शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा के विकास के अलावा ग्रीन व पिंक बजट की अवधारणा भी सराहनीय। इस बजट को वृद्धि व विकास को एक साथ साधने वाला कहा जाए तो उपयुक्त।

-स्मिता मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कालेज, लखनऊ।

चिकित्सा संस्थानों के लिए खोला खजाना

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : साल 2024-25 के बजट में राजधानी के चिकित्सा संस्थानों को खासी तवज्जो मिली है। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान को गत वर्ष के सापेक्ष 196.54 करोड़ अधिक बजट मिला है। वहीं कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट को पिछले साल में मिले 35 करोड़ बजट को बढ़ाकर 150 करोड़ का बजट दिया गया है।

एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ.आर के धीमन ने बताया कि कैंसर इंस्टीट्यूट, कैंसर मरीजों के लिए प्रदेश में अतिविशिष्ट संस्थान है। राज्य सरकार ने संसाधन बढ़ाने के लिए तीन गुना से ज्यादा बजट बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि

बजट 2024-25

कैंसर संस्थान को वेतन मद में 30.14 करोड़ मिलते थे, इस बार 50 करोड़ दिए गए हैं, इसके अलावा गैर वेतन मद में 10 करोड़ बढ़ाकर 50 करोड़, अनुदान संख्या 31 में 18 करोड़ को 20 करोड़, अनुदान संख्या 83 में 10.60 करोड़ दिया गया है। इस प्रकार कैंसर संस्थान को गत वर्ष की अपेक्षा 115 करोड़ अधिक मिले हैं।

इसके अलावा एसपीजीपीजीआई को गत वर्ष 963.96 करोड का बजट मिला था, इस बार बढ़कर 1160.50 करोड़ हो गया है। बढ़े बजट में निर्माण कार्य के लिए 70 से बढ़कर 100 करोड़, चिकित्सकीय उपकरणों के लिए 45 की जगह 75 करोड़, ट्रामा सेंटर में उपकरणों के लिए 10 करोड़ से बढ़कर 20 करोड़ और टीसीसीसी उपकरणों में 3.50 करोड़ मिले हैं। इसके अलावा कंटेंजेंसी मद में 240 करोड़ की जगह 300 करोड़ , वेतनमद में 650 करोड़, ट्रामा सेंटर में फ्री इलाज के लिए 10 करोड़ और बीपीएल मरीजों के लिए दो करोड़ मिले हैं।

केजीएमयू को 550 करोड़ अधिक मिले

केजीएमयू को इस बजट में डेढ़ गुना वृद्धि करते हुए 550 करोड़ अधिक मिले हैं। पिछले साल बजट में 1090 करोड़ मिले थे, जो कि इस साल बढ़कर 1640 करोड़ दिए गए हैं। कुलपति प्रो .सोनिया नित्यानंद ने बताया कि वेतन मद में 800 करोड़, गैर वेतन मद में 350 करोड़, विपन्न मरीजों के लिए तीन करोड़, निर्माण कार्यो के लिए 160 करोड़, उपकरण मद में 327 करोड़ दिए गए हैं।

लोहिया संस्थान को 324 करोड़ अधिक मिले

डॉ .राम मनोहर लोहिया संस्थान में चिकित्सकीय सेवाएं दुरूस्त करने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न मदों में कुल 324 करोड़ रूपयों का अतिरिक्त बजट दिया है। संस्थान की निदेशक प्रो .सोनिया नित्यानंद ने बताया कि राज्यस्व मद में 130 करोड़ को बढ़ाकर दो सौ करोड़ कर दिया गया है। वेतनमद में 276 .83 करोड़ की जगह तीन सौ करोड़ दिए हैं,निर्माण कार्यो के लिए 15 करोड़ बढ़ाकर कुल 100 करोड़ मिले हैं।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

एक नजर

हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 6 जनवरी 2020 को रामनरेश निवासी भिलवल थाना लोनीकटरा ने थाना लोनीकटरा पर अपने पुत्र की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अरमान खान को नामजद किया गया था। विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया । अरमान खान को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई ।

ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार की सुबह अयोध्या-लखनऊ रेल मार्ग पर एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। दरियाबाद-सैदखानपुर रेलवे स्टेशन के बीच पड़ने वाले नेवली पुल के पास 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख जा ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की जेब से बीते 31 जनवरी का मुरियारी जंक्शन से दीमापुर व दीमापुर से गुवाहाटी का 1 फरवरी का रेलवे टिकट व सौ रुपये मिले हैं। ग्रामीण युवक की मौत का अनुमान ट्रेन से गिरना लगा रहे हैं।

20 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 लीटर शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के मुताबिक सोमवार को गुड्डू निवासी ग्राम देवरिया विवेकपुर थाना रामपुर मथुरा सीतापुर हालपता-ग्राम मदनपुर थाना फतेहपुर व गिरजाशंकर निवासी हसनपुर पहाड़पुर थाना मसौली को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि पुलिस ने इस वक्त अपराधियों व शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रखा है।

14 दिनों में 25 लाख भक्तों ने किए दर्शन, आया करोड़ों का दान

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 14 दिनों में 25 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर 11 करोड़ रुपये से अधिक दान किया है। इसके अलावा दानपात्रों में एक करोड़ रुपये से अधिक नकद चढ़ावा मिला है। भक्तों ने सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी चढ़ाएं हैं। चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। विदेशों से भी भक्त ट्रस्ट के खाते में दान कर रहे हैं।

चढ़ावा राशि की काउंटिंग टीम के सूत्रों के मुताबिक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के संरक्षण में ट्रस्ट के प्रतिनिधि गोपालजी, परिसर प्रभारी राम शंकर, कैश प्रभारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और स्टेट बैंक के 15 कर्मचारियों की टीम ने सीसीटीवी की निगरानी में राममंदिर में 'बालक राम' के सामने रखे छह दान पात्रों में चढ़ावे की धनराशि की गिनती शनिवार रात शयन आरती के बाद शुरू की गई। जो रविवार सुबह करीब चार बजे तक चली।

गणना में एक करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि दानपात्रों में नकद मिली। इसके अलावा बड़ी संख्या में सोने-चांदी और अन्य धातुओं के जेवर भी मिले। चढ़ावा राशि और भेंट के सामान को मंदिर परिसर के काउंटिंग रूम में बने चेस्ट में रखवा दिया गया है। भारी भीड़ के चलते प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से इन बड़े आकार के दान पात्रों को दान की राशि की गिनती के लिए नहीं खोला गया था।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार चेक और ऑनलाइन से भी 3.50 करोड़ के आसपास की धनराशि मिली है। भव्य मंदिर

के गर्भगृह में जहां बालक राम विराजमान हैं, उनके सामने दर्शन मार्ग के पास रखे दानपात्रों में श्रद्धालु सीधे चढ़ावा राशि प्रभु श्रीराम को अर्पित कर रहे हैं। साथ ही 10 कंप्यूटराइज्ड काउंटर पर भी लोग दान की राशि जमा करते हैं। दान काउंटर पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी नियुक्त हैं, जो शाम को काउंटर बंद होने पर मिली दान राशि का लेखा-जोखा ट्रस्ट कार्यालय में जमा कर देते हैं। इन काउंटरों पर भी 11 करोड़ रुपये से अधिक का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।

रामंदिर

- दानपत्रों में आए रुपयों की हुई गिनती, सोने-चांदी व अन्य धातुओं के जेवर भी मिले
- 26 जनवरी को 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

01 करोड़ से ज्यादा नकद मिले, चेक और ऑनलाइन से भी मिले करीब 3.50 करोड़

प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 को सर्वाधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से अब तक 25 लाख से अधिक भक्त प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। इसमें प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो पांच लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिन्होंने देर रात तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद 26 जनवरी को 3 .50 लाख और 28 जनवरी को 3 .25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद औसतन दो लाख रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं।

प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन का प्रयास, 7 बंदी

बाराबंकी में हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने की नारेबाजी

देवा/माती, बाराबंकी

अमृत विचार : देवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक चर्च में प्रार्थना सभा के नाम पर लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पाकर एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने चर्च का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चर्च के फादर सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

देवा के चकहार मजरे रेंदुआ पल्हरी में सेण्ट मैथ्यू कॉलेज है। इसी के पास स्थित नवीनता प्रेयर सेण्टर/चर्च में सोमवार को फादर डोमिनिक पिंटो की देखरेख में धर्मान्तरण हेतु 100 से अधिक लोग प्रार्थना सभा में मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना सभा में लोगों को रोग ठीक करने एवं पैसे का लालच देकर बस में लाया गया था। रास्ते में धार्मिक साहित्य देकर धर्मान्तरण का प्रयास किया जा रहा था। प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं ली गयी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता आदित्य सिंह, जिपंस डॉ. अवधेश वर्मा, बृजेश मौर्य, श्यामू सैनी, विपिन सिंह दर्जनों भाजपा और संघ कार्यकताओं ने कॉलेज का घेराव व नारेबाजी की। एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और मौजूद लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार सौ लोगों को प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इस मामले में कालेज के प्रबंधक निदेशक डोमनिक निवासी मंगलौर कर्नाटक, अयोध्या निवासी राहुल, सूरज, रामजन्म, सरजू, पवन सिंह, घनश्याम, जगन्नाथ, सुनील और धर्मेंद्र को हिरासत में लिया गया। सीओ बीनू सिंह ने बताया कि अस्पताल के नाम पर भवन का रजिस्ट्रेशन कराया गया था जहां पर चर्च बना लिया गया।

अयोध्या में धर्म परिवर्तन की थी योजना

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी अमृत विचार : अयोध्या से तीन सौ लोग धर्म परिवर्तन के लिए लिए लाए गए थे। ईसाई मिशनरी इनके जरिए अयोध्या में अपना संजाल फैलाना चाह रही थीं। इसके पहले हैदरगढ़ में भी ऐसा ही मामला सामने आया था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही विदेशी ताकतों व ईसाई मिशनरियों की निगाह भी अयोध्या पर टिकी हुई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में अधिकांश अयोध्या के ही रहने वाले हैं।

अपनी ही पार्टी के सचिव को चप्पल मारने को कहा लुईस ने

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगीं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने बैठक के दौरान अपनी ही पार्टी के सचिव व जनरल सेक्रेटरी को चप्पल मारने की बात कह डाली। अभद्र भाषा बोलने का उनका यह वीडियो वायरल होने से राजनीतिक गलियारों में चकचक शुरू हो गई है। इसके बाद कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने जहां अपना मोबाइल बंद कर लिया, वहीं प्रदेश सचिव ने इस संबंध में लुईस खुर्शीद से बात करने की बात कही है। हालांकि, 'अमृत विचार' ऐसे वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बैठक में कह रही हैं कि एक बार प्रियंका गांधी ने उन्हें बुलाया और पूछा कि आपके क्षेत्र में क्या हो रहा है। उन्होंने (लुईस) कहा कि आप बुरा न मानें तो एक बात कहें। क्षेत्र का गणित बताने के बाद उन्होंने (लुईस) कहा कि जब पार्टी का कोई सचिव या कोई जनरल सेक्रेटरी आए और यह कहे कि सलमान खुर्शीद कौन है, लुईस खुर्शीद कौन हैं तो इस पर उन्हें आपत्ति है। उन्होंने कार्यकर्ता को कहा कि अगली बार कोई सचिव ऐसी बात कहें तो पहले प्रेस को बुलाइए और प्रेस के सामने अपना चप्पल उतारकर मारो सालों को...। इस संबंध में कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने बताया कि बैठक में वह भी मौजूद थे। लुईस खुर्शीद ने कोई अभद्रता वाली टिप्पणी नहीं की। इतना ही कहा कि सलमान खुर्शीद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में एक हैं और कोई सचिव उनके बारे में पूछे तो वाकई आश्चर्य की बात है। फिर भी वह लुईस खुर्शीद से बात करेंगे। इस संबंध में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

बिगड़े बोल

- फर्रुखाबाद में कांग्रेस की बैठक में अभद्र भाषा का वीडियो वायरल

सार-संक्षेप

राम से राष्ट्र की प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

मंच पर सहयोगियों के साथ जादू की प्रस्तुति देते राकेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने मगहर महोत्सव में राम से राष्ट्र की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने जादू के जरिए श्रीराम की झांकी प्रस्तुत कर पूरा पांडाल राममय कर दिया। लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। इसके बाद उन्होंने एक मंदिर नुमा बक्से में लड़की को बंद कर चारों तरफ से 12 तलवारें डाल दी और खोल कर दिखाया तो लड़की गायब थी। इसी तरह नर कंकाल हवा में उड़ाना, लड़की को तीन हिस्सों में काट कर अलग करना सहित कई आइटम प्रस्तुत किए जिन्हें दर्शको ने खूब सराहा।

ऑपरेशन कनविक्शन में बाराबंकी प्रदेश में तीसरे स्थान पर

बाराबंकी, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्तों को सजा दिलाने में बाराबंकी पुलिस प्रदेश में तीसरे नंबर पर रही। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन में समारोहपूर्वक अभियोजन अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिन अधिकारियों को सम्मानित किया गया है उनमें संयुक्त निदेशक नागेश कुमार दीक्षित, अभियोजन अधिकारी नीतू सिंह गौतम, एसपीओ अनार सिंह, एडीजीसी रामजस सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील दुबे, अमित कुमार एपीओ प्रभाकर दुबे, आकाश चित्रांश, जाह्नवी कुमार पाण्डेय, राजीव, अकरम सिद्दीकी, योगेन्द्र सिंह तथा विशेष लोक अभियोजन अधिकारी मनीषा झा, अनूप कुमार मिश्र, अजय कुमार सिंह लव त्रिपाठी, पुरुषोत्तम मिश्र, कृपाशंकर तिवारी रमाकान्त द्विवेदी आदि शामिल हैं।

मेमोरी प्यूरीफिकेशन प्रोग्राम आज सरोजनी नगर में

लखनऊ, अमृत विचार : करौली शंकर महादेव आश्रम, कानपुर के तत्वावधान में सरोजनी नगर स्थित न्यू पब्लिक कॉलेजिएट इंटर कॉलेज में मंगलवार को मेमोरी प्यूरीफिकेशन प्रोग्राम का आयोजन सुबह 9 बजे से किया गया है। एक हजार से अधिक छात्र- छात्राओं के साथ अभिभावक इस क्रार्यक्रम में उपस्थित होंगे। करौली शंकर महादेव ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत बेंगलूरू और श्री सिद्ध गंगा आश्रम तुमकुर कर्नाटक में 10 हजार छात्र- छात्राओं के बीच की गई थी। दरबार का लक्ष्य वसुधैव कुटुंबकम है जिसकी शुरुआत भारत से ही करने की इच्छा थी जबकि इसके लिए कई देशों से आमंत्रण थे जिसे दरबार ने विनम्रता पूर्वक अस्वीकार किया हुआ है। इस अभियान का लक्ष्य युवाओं में आत्मबल को मजबूत करना, उन्हें नशा से दूर रखना है।

घुड़की देने पर दो युवकों ने बंदर को मार डाला, एक बंदी

दरियाबाद, बाराबंकी, **अमृत विचार :** बंदर द्वारा घुड़की देने दो युवक शैतान बन गए। उन्होंने ईट से हमला कर बंदर को मार डाला। एक महिला के आरोप पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दरियाबाद कस्बा के बरवारी मोहल्ला में बंदर को मार डालने की सूचना पर दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंदर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय दरियाबाद भेज दिया है। उर्मिला पत्नी राम सिंह ने कस्बा के बरवारी निवासी मेराज पुत्र अंसार सहित दो लोगो पर बंदर को मार डालने का आरोप लगाया है।

ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार: मौसम की सटीक जानकारी के लिए पुराने तहसील परिसर में आटोमेटिक वेदर स्टेशन का निर्माण शुरू हो गया। इस स्टेशन से मौसम से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध हो सकेंगी।

मौसम की पूर्व चेतावनी के लिए आटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किये जा रहे है। इसका निर्माण कार्य पुराने तहसील परिसर में किया जा रहा है। 10 मीटर लम्बे व 10 मीटर चौढ़सई की परिधि में इसका निर्माण होना है। हवा की दिशा को बताने के लिए मास्ट लगाया जायेगा। इससे हवा कितनी रफ्तार से और किस दिशा से चल रही है, इस बात की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस मशीन को 30 फिट की ऊंचाई पर लगाया जाएगा।

इस बार के आम चुनाव में होगी भाजपा की विदाई : पुनिया

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

अमृत विचार: भाजपा की इमारत झूठ और जुमले के ताने-बाने पर बनी है। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। हम झूठ फरेब की राजनीति नहीं करते है। आज देश की सबसे बडी समस्या बेरोजगारी है लेकिन अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय अंतरिम बजट में रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं के बारे में कोई बात नहीं की। कांग्रेसजन

जनता से संवाद करते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया। अमृत विचार

अपने बूथों पर निकलकर अवाम को भाजपा की हकीकत से रूबरू कराएं। 2024 के आमचुनाव में भाजपा की विदाई होगी और कांग्रेस की अगुवाई में सरकार बनेगी।

ये बातें प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया ने विकास खंड सिरौलीगौसपुर के बरौलिया स्थित हाजी वारिस अली शाह महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित न्याय पंचायत स्तर के संवाद कार्यक्रम में कांग्रेसजनों के बीच कही। अध्यक्षता अमरनाथ मिश्रा तथा संचालन नेकचन्द्र त्रिपाठी ने किया। वहीं पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहसिन के साथ हरख ब्लॉक के ग्राम इब्राहिमाबाद में सहभागिता निभाई। डॉ.पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीब, किसान, मजदूर से कोई लेना-देना नहीं है वह सिर्फ नागरिकों की भावनाओं को भड़काकर उनका वोट लेना जानती है।

वर्ग पहेली-334

बाएं से दाएं

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।
7. 1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

ऊपर से नीचे

2. 1. खुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



वर्ग पहेली - 333 का हल

1 खो	2 ख	ला				
	जु		3 सु		4 म	
5 दु	रा	धा	र		नो	
	हो		धे		भ	
6 पिं		7 अ	नु	भ	व	
ड		टे				
ल		8 क	पे	सि	टी	

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			4			2
				1			3	
5			9			6		
					6		9	
	3	2				5	1	
	8		7					3
		4			5		2	
	7			8				
6			1			3		4

सुडोकू - 50 का हल

2	8	5	4	9	7	6	1	3
4	6	7	2	3	1	8	9	5
3	1	9	6	8	5	4	7	2
5	7	6	8	4	9	2	3	1
9	2	4	3	1	6	5	8	7
8	3	1	7	5	2	9	6	4
7	9	8	1	2	4	3	5	6
1	5	2	9	6	3	7	4	8
6	4	3	5	7	8	1	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-एकादशी 16 .07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07 .35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06 .27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

वृष — आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

कर्क — आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

सिंह — आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंतत: आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

कन्या — आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

तुला — आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

वृश्चिक — आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

धनु — आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे, लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

मकर — आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

कुंभ — आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

मीन — आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

आज की फिल्में

बी4यू मूवीज	जुआरी सुबह : 09 .41 अनाड़ी रात : 07 .00	सोनी पिक्स	जिओस्ट्राम सुबह : 08 .47 स्पाइडर मैन :होमकमिंग रात : 09 .00
सोनी सब मैक्स	पीके सुबह : 09 .50 मलंग रात : 07 .00	ज़ी सिनेमा	खलनायक सुबह : 10 .30 यमला पगला दीवाना 2 रात : 07 .30
		कलर्स सिनेप्लेक्स	चिराग दोपहर : 12 .25 आंदोलन रात : 07 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी – क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

एक नजर

पुजारी की लाठी से पीटकर हत्या, आरोपी हिरासत में

जयपुर। राजस्थान के नागौर जिले के पादूकलां थाना क्षेत्र में रविवार रात एक आश्रम में पुजारी की लाठी से वार करके हत्या कर दी गई। थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि राघुरगिरी मंदिर के पुजारी छोटूपुरी (53) की गांव के ही एक व्यक्ति ने लाठी से हमला करके हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी रामप्रसाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई स्थगित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई सोमवार को पांच मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद मामले को स्थगित कर दिया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिंह की नियमित जमानत याचिका पर आदेश 31 जनवरी को सुरक्षित रख लिया था।

नशे में धुत कार चालक ने पुलिस बूथ को मारी टक्कर

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर इलाके के पास नशे में धुत एक व्यक्ति ने कार से एक पुलिस बूथ में टक्कर मार दी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि एक फरवरी को, पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में तैनात कांस्टेबल रामवीर सिंह टॉल्स्टॉय रोड पर गश्त कर रहे थे, तब सुबह लगभग साढ़े छह बजे उन्होंने देखा कि एक अनियंत्रित कार पहले फुटपाथ से टकराई और फिर बिजली के खंभे को टक्कर मारते हुए एकीकृत पुलिस बूथ से टकरा गई।

डॉक्टर को निर्वस्त्र कर बनाया वीडियो

बीएचयू का मामला, बीमार रूममेट को देखने के लिए बुलाकर की पिटाई, 60 हजार वसूले

वाराणसी, एजेंसी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक प्राइवेट डॉक्टर के साथ अश्लीलता की हद पार कर दी गई। मनबढ़ छात्रों ने ऐप से डॉक्टर का अप्वाइंटमेंट फिक्स किया। बीमार दोस्त को दिखाने के बहाने कमरे में बुलाया, वहां मारपीट की और 60 हजार रुपये वसूल लिए।

उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बनाया। पीड़ित डॉक्टर ने लंका थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

बीएचयू का रुइया हॉस्टल, जहां डॉक्टर को बुलाया गया था।

लंका थाने के प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि पूरे गैंग में 4 लोग शामिल थे जिसमें 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ का नारायण शुक्ल (20) और गाजीपुर का सूरज दुबे (21) है। आरेपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मेरी हैंड राइटिंग में मेरे ही खिलाफ लिखवाया लेटर

डॉक्टर ने बताया कि मेरी हैंड राइटिंग में एक लेटर भी लिखवाया गया कि मैंने हॉस्टल में आकर एक लड़के से जबरदस्ती संबंध बनाया है। इन लोगों ने दूसरे लड़के के साथ मेरे प्राइवेट पार्ट का भी वीडियो बनाया। मुझे गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। रुपयों की मांग की हुई। यह भी कहा कि रुपया मंगाओ नहीं तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर देंगे। मैं इतना डर गया कि इसकी सूचना कहीं नहीं दिया। इधर ये लोग मुझे बार-बार टॉर्चर करके पैसे की मांग करते रहे। इसके बाद मैंने परेशान होकर लंका थाने में शिकायत दर्ज कराई।

24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

लंका थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि डॉक्टर ने 4 फरवरी को लंका थाने में शिकायत की। 24 घंटे के भीतर वाराणसी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इस मामले और गैंग का खुलासा कर दिया। इन्होंने Grindr और मैसेंजर एप का इस्तेमाल कर डॉक्टर को अपने जाल में फंसाया था।

अंतरधार्मिक जोड़े को परेशान करने में तीन गिरफ्तार

मंगलुरु। कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु के बाहरी इलाके के पनाम्बुर समुद्र तट पर एक अंतर-धार्मिक जोड़े को परेशान करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को समुद्र तट पर घूम रहे जोड़े को तीन लोगों ने रोका, जिन्होंने उनके अलग-अलग धर्म के होने के कारण उनसे सवाल पूछा कि वे एक साथ क्यों हैं। पुलिस के अनुसार, महिला ने तुरंत इलाके में गश्त कर रहे एक पुलिस दस्ते को सूचना दी। इसके बाद आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

राज्यों को सिमी पर प्रतिबंध लगाने का मिला अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना

केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा। दस राज्य सरकारों-आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ने यूएपीए के तहत सिमी को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए सिफारिश की है।

देश में भूजल स्तर में हो रही वृद्धि : शेखावत

नई दिल्ली, एजेंसी

जल शक्ति मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान दी जानकारी

सरकार ने सोमवार को बताया कि देश में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता आजादी के बाद लगातार कम होती गई है लेकिन भूजल को पुनर्भरण (रिचार्ज) करने के प्रयासों के फलस्वरूप अब भूजल स्तर में वृद्धि होने लगी है। जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह सही है कि पानी का समुचित उपयोग बेहद जरूरी है और भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को लेकर पानी के संबंध में सरकार की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं कि देश में जलसंकट न आने पाए। उन्होंने कहा कि भूजल को रिचार्ज करने की दिशा में किए गए प्रयासों के चलते बीते चार साल तक यह स्थिर रहा लेकिन बीते दो साल के दौरान भूजल स्तर में वृद्धि हुई है।

मंत्री ने कहा कि इसे पर्याप्त भले ही नहीं माना जा सकता लेकिन यह उत्सहवर्द्धक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं। शेखावत ने कहा कि पानी राज्य सरकारों का विषय है और उन्हें इस बारे में समन्वित प्रयास करने होंगे कि कृषि क्षेत्र में पानी के उपयोग को किस तरह कम किया जा सकता है क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा पानी लगता है। उन्होंने कहा कि पोलावरम परियोजना के निर्माण की पूरी जिम्मेदारी आंध्रप्रदेश सरकार की है। केंद्र सरकार इसमें वित्तीय सहायता और संसाधन मुहैया कराती है तथा यह कार्य प्रगति पर है। 15,146 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता अब तक केंद्र सरकार की ओर से इस परियोजना के लिए दी जा चुकी है।

रंजिश में सभासद और दूसरे पक्ष में पथराव, एक की मौत

मोहम्मदी, अमृत विचार : नगर निकाय चुनाव की रंजिश में सोमवार रात करीब 8:15 बजे सभासद अशफाक मंसूरी और दूसरे पक्ष के बीच विवाद हो गया। तनातनी बढ़ने पर दोनों पक्षों ओर से पहले लाठी-डंडे चले। फिर ईंट-पत्थर चले। हमले में दोनों ओर से कई लोग जख्मी हो गए। एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस के मुताबिक मोहल्ला सरैया मंडी रोड पर सोमवार रात सभासद अशफाक मंसूरी और गफ्फार के परिवार के बीच किसी बात पर कहासुनी के बाद हुए पथराव में 25 वर्षीय मंसूर मंसूरी की मौत हो गई।

रेलवे में फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

300 से अधिक उम्मीदवारों से लगभग 21 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

पश्चिम रेलवे की सतर्कता टीम ने फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दो फरवरी को टीम ने एक फर्जी रैकेट का भंडाफोड़ किया जिसने 300 से अधिक उम्मीदवारों से लगभग 21 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। टीम पिछले तीन महीने से इस फर्जी रैकेट का पर्दाफाश करने में जुटी हुई थी।

उन्होंने बताया कि एक बाहरी व्यक्ति और दो प्रॉक्सी उम्मीदवारों की मदद से आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया गया जिसमें गूगल पे के माध्यम से आरोपी को 20,000 रुपये ट्रांसफर किए गए। शेष किस्त के भुगतान के लिए मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर आरोपी से मिलने की योजना बनाई गई। अंततः उसे दो फरवरी को अपराह्न दो बजे के करीब मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पोर्च से पकड़ लिया गया। जांच करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि उसने प्रति अभ्यर्थी नौ-दस लाख रुपये वसूल किए थे। वह कोलकाता के एक व्यक्ति की मदद से फर्जी दस्तावेज बना रहा था।

उसके स्मार्ट फोन में कुल 180 ब्लॉक नम्बर मिले, संभवतः ये वही लोग होंगे, जिन्होंने रेलवे में नौकरी पाने के लिए मोटी रकम दी थी। टीम ने उन व्यक्तियों की लगभग 120 चैट का पता लगाया, जो अपने पैसे (पांच-आठ लाख रुपये तक) वापस मांग रहे थे, जो उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने के लिए दिए गए थे। भर्ती किए गए कर्मचारियों के सभी फर्जी दस्तावेज, चैट और वीडियो बरामद किए गए हैं। आरोपी को जीआरपी मुंबई सेंट्रल को सौंप दिया गया है और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कांग्रेस नेता चंडीगढ़ महापौर चुनाव को लेकर न्यायालय की टिप्पणी के बाद हुई हमलावर

देश ने जाना भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही: प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मामले में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से पता चलता है कि लोकतंत्र की हत्या की गई और जनता ही इसका उचित जवाब देगी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का मखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए।

आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी का हवाला देते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से पता चलता है कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में किस तरह लोकतंत्र की हत्या की गई।

उन्होंने एक्स पर कहा, भाजपा जनता की आवाज दबाने के लिए लोकतंत्र को कुचल रही है, यह अब देश की जनता के सामने है। जनता ही इसका उचित जवाब देगी।

उच्चतम न्यायालय का फैसला उत्साहजनक : पाठक

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे फैसलों के कारण ही लोगों की उम्मीदें न्यायपालिका पर टिकी हैं। पाठक ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला उत्साहजनक है। आप नेता ने कहा, ऐसे फैसलों के कारण ही हमारी उम्मीदें न्यायपालिका पर टिकी हैं। आप-कांग्रेस ने संयुक्त रूप से 20 वोट हासिल किए थे, जबकि भाजपा को 16 वोट मिले थे। हालांकि, प्रभारी व्यक्ति ने आठ वोटों को अमान्य कर दिया। हमारे लोकतंत्र में ऐसा कभी नहीं हुआ है। पहली बार, यह कृत्य कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।

भाई ने की थी दुष्कर्म के बाद बहन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

गला दबाकर हत्या की पुष्टि, चेहरे पर खरोंचों के निशान से हत्यारोपी पर हुआ था शक

अमृत विचार : कोतवाली पटियाली क्षेत्र में रविवार सुबह बिस्तर पर मृत मिली 17 वर्षीया किशोरी की मौत का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। किशोरी की उसी के बड़े भाई ने रात में दुष्कर्म करने के बाद भेद खुलने के डर से गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने के बाद घटना की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की गला दबाकर हत्या की पुष्टि के साथ 19 वर्षीय हत्यारोपी भाई के चेहरे की खरोचों ने उसके घिनौने कृत्य से पर्दा उठा दिया।

किशोरी ने हत्यारोपी भाई के चंगुल से बचने के प्रयास किए थे। उसी दौरान आरोपी के चेहरे पर खरोंचों के निशान बन गए थे। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सच बाहर आ गया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार करके सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव में 17 वर्षीया किशोरी रविवार सुबह चारपाई पर संदिग्ध अवस्था में मरी मिली थी। उसका बड़ा भाई शव के पास बैठकर जोर-जोर से रो रहा था। किशोरी की मां रिश्तेदारी में गई थी। जबकि सबसे बड़ा भाई एटा जिले में रहता है। आरोपी के चेहरे पर खरोचों के कई निशान थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले वह बहाने बनाता रहा, मगर पुलिस की सख्ती पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घर में वह और बहन अकेले थे। रात में वह मोबाइल पर अश्लील वीडियो देख रहा था। वीडियो देखते-देखते वह खुद पर आपा खो बैठा और बहन के साथ दुष्कर्म किया।

> किशोरी की हत्या उसी के सगे भाई ने दुष्कर्म के बाद की थी। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपी का मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। – **गोविंद बल्लभ शर्मा**, इंस्पेक्टर पटियाली

जरांगे ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

जालना। मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे ने सोमवार को चेतावनी दी कि यदि सरकार पिछले महीने जारी मसौदा अधिसूचना में उल्लेखित रक्त संबंध के दायरे को बताने में नाकाम रहती है तो वह 10 फरवरी से भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

सरकार ने कहा था कि किसी मराठा व्यक्ति से रक्त संबंध रखने वाले के पास यदि यह दर्शाने के लिए रिकॉर्ड होगा कि वह कुनबी समुदाय से है, तो उसे भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। कुनबी समुदाय ओबीसी श्रेणी के तहत आता है। जरांगे ने मांग की है कि कुनबी जाति प्रमाणपत्र महाराष्ट्र में सभी मराठों को जारी किया जाए।

स्कूल बस की चपेट में आकर बच्चे की मौत

रेहड़ (बिजनौर)। क्षेत्र के गांव सिरियावाली में स्कूल बस की चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मोहल्ले की महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। गांव सिरियावाली निवासी प्रदीप कुमार का दो वर्षीय पुत्र तनुज घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान तनुज स्कूल बस की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल व सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह मौके पर पहुंची और जांच की। परिजनों ने मोहल्ले की ही एक महिला पर बच्चे को बस के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। जबकि महिला ने रंजिशन फंसाने की बात कही है।

सेवानिवृत्ति परिलाभों के निर्धारण के वक्त तदर्थ सेवा की गणना जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्ति परिलाभों के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों का निर्धारण करते समय कर्मचारी की तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवाओं की गणना भी होनी चाहिए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने रामसेवक यादव की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को एक परमादेश जारी किया कि इस निर्णय की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 2 महीने की अवधि के भीतर याची की पेंशन और ग्रेच्युटी सहित सभी सेवानिवृत्ति परिलाभों को संशोधित और पुनर्निर्धारित किया जाए। इसके साथ ही संशोधित लाभों के बकाया का भुगतान 1 महीने के भीतर याची को किया जाए। गौरतलब है कि याची नगर पालिका परिषद, इटावा के जल आपूर्ति विभाग में 2 सितंबर 1988 से तदर्थ आधार पर पंप अटेंडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। उसकी सेवाएं मार्च 2006 में नियमित कर दी गईं और जुलाई 2022 में वह सेवानिवृत्त हो गये। याची के सेवानिवृत्ति के बाद के बकाए का सत्यापन उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा विभाग, कानपुर द्वारा किया गया था, लेकिन विपक्षियों द्वारा याची की पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति परिलाभों को निर्धारित करते समय नियमितीकरण से पहले तदर्थ आधार पर प्रदान की गई याची की सेवा अवधि को ध्यान में ना रखना एक स्पष्ट त्रुटि है। कोर्ट ने पाया कि सेवानिवृत्ति परिलाभों का निर्धारण तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवा अवधि को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

बंद अन्य तहखानों का सर्वेक्षण कराने की मांग

एजेंसी, वाराणसी

वादी राखी सिंह की अर्जी पर आज होगी सुनवाई

जिला न्यायाधीश की अदालत में एक महिला ने सोमवार को याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग की है। जिला अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख तय की है।

विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और मां श्रृंगार गौरी मामले में एक पक्षकार राखी सिंह ने यह याचिका दाखिल की है, जिनकी पहले की एक याचिका पर एएसआई सर्वेक्षण हुआ था। राखी सिंह के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को दाखिल की गयी याचिका में अनुरोध किया गया है कि ज्ञानवापी परिसर में बंद सभी तहखानों एएसआई से सर्वेक्षण कराया जाए। उन्होंने बताया कि आवेदन में बंद भूतल का नक्शा भी शामिल किया गया है। अर्जी में कहा गया है कि तहखानों के अंदर गुप्त तहखाने हैं, जिनका सर्वेक्षण करना जरूरी है ताकि ज्ञानवापी का पूरा सच सामने आ सके। पांच महिलाओं की पूर्व याचिका के आधार पर, एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण किया था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्ञानवापी मस्जिद का तहखाना खोल दिया गया।

पूजा पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई आठ को

वाराणसी : जिले की एक अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में शुरू की गई पूजा को रोकने के लिए इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से एक फरवरी को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गयी थी। इस अर्जी में कहा गया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाएगी। सोमवार को जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार (पंचम) के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में चल रही है, तो इसे यहां सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई को देखते हुए प्रभारी जिला जज ने यहां मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है।

बोर्ड पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने के आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज

वाराणसी : ज्ञानवापी मस्जिद के बोर्ड पर मस्जिद की जगह कथित तौर पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने के आरोपी पर धार्मिक भावनाएं भड़काने सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सहायक पुलिस आयुक्त प्रज्ञा पाठक ने बताया कि एक अदालत के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ शुरू होने के बाद एक वीडियो सामने आया था। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में एक व्यक्ति ज्ञानवापी मस्जिद के बोर्ड पर मस्जिद की जगह मंदिर का स्टिकर चिपकाते हुए देखा गया था। पाठक ने बताया कि उस व्यक्ति की पहचान हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश सचिव रोशन पांडेय के रूप में हुई है।

टीएमसी नेता आध्या ने विदेशी बैंक खातों में पैसा भेजा : ईडी

कोलकाता, एजेंसी

करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में जनवरी में प्रवर्तन निदेशायलय ने किया था गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या ने दुबई स्थित एक कंपनी के खाते में धन भेजा। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष आध्या की भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल इलाके में विदेशी मुद्रा विनियम की एक कंपनी है और उनके रिश्तेदार भी ऐसी करीब 90 कंपनियों का संचालन करते हैं, जिनका इस्तेमाल देश से बाहर पैसे भेजने में किया जाता है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी नेता ने दुबई में एक कंपनी खोली, जिसे अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार घोटाले के एक अन्य आरोपी बाकीबर रहमान की मदद से अपने बेटे के नाम पंजीकृत कराया। आध्या दुबई स्थित कंपनी के खाते में मोटी रकम भेजने में शामिल रहे हैं। कहा कि जांच के दौरान ईडी ने पाया कि 16 अक्टूबर 2019 को उस खाते में करीब 66 लाख रुपये भेजे गए। आध्या को जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। वह राज्य के मंत्री ज्योतिप्रियो मलिक के करीबी माने जाते हैं, जिन्हें पिछले साल घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

विधानसभा में आज रखा जाएगा यूसीसी का मसौदा

ब्यूरो, देहरादून

इस कानून को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा उत्तराखंड

सदन में पर्याप्त संख्याबल, आसानी से पारित होगा बिल

अमृत विचार : उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इतिहास रचने की कगार पर हैं। इसके मसौदे को मंगलवार को विधानसभा में पेश करके मंजूर कराया जाएगा और फिर राज्यपाल के हस्ताक्षर होते ही लागू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जो इस कानून को लागू करेगा।

2022 के विधानसभा चुनाव के बाद तत्कालीन सीएम धामी ने पहली बार कहा था कि सत्ता में वापस आते ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया जाएगा। धामी ने सीएम पद की शपथ ली तो सबसे पहले इसी दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया। चार दिन पहले कमेटी ने अपना ड्राफ्ट धामी सरकार को सौंप दिया। धामी सरकार ने तत्काल ही विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं और इस ड्राफ्ट को कैबिनेट से भी मंजूर करवा लिया।

इस बिल को मंजूर कराने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र पांच से आठ फरवरी तक आहूत किया गया है। कल मंगलवार को इस बिल को विधानसभा के पटल पर पेश किया जाएगा। सदन में भाजपा का बहुमत है, लिहाजा सदन से पारित होने में भी कोई दिक्कत नहीं है। सदन से पास होने के बाद इस मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा और उनके हस्ताक्षर होते ही इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा।

विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही में भाग लेने के लिए सदन में जाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

इस बिल के लागू होते ही एक इतिहास रच लिया जाएगा। देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, पर उत्तराखंड यूसीसी को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। असम समेत कुछ अन्य राज्य भी यूसीसी लागू करने की बात करते रहे हैं, पर उन्हें उत्तराखंड के बिल की ही नकल करनी होगी। उधर, इस बिल को लेकर सदन में अगले तीन दिन हंगामेदार रहने के आसार हैं। कांग्रेस इसे लेकर भाजपा को घेरने की रणनीति बना चुकी है। कांग्रेस का कहना है कि विधेयक के सदन के पटल पर रखे जाने के बाद इसका अध्ययन कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस की मांग है कि इस बिल के अध्ययन के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था।

मुठभेड़ में नीरज बवाना गिरोह का शूटर गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पूर्व दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के एक संदिग्ध शार्पशूटर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली के रूप में हुई।

उन्होंने बताया कि उसका साथी नीरज भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा, दो फरवरी को सूचना मिलने के बाद करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास एक छापेमारी दल को मौके पर भेजा गया और मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध अपराधियों को रात करीब साढ़े आठ बजे रुकने का इसारा किया। अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा नीरज अंधेरे की आड़ लेकर जंगली इलाके में भाग निकला लेकिन उसकी बंदूक वहीं गिर गयी।

वहीं दूसरे अपराधी अली ने पुलिस पर गोली चलाई जो एक हेड कांस्टेबल की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके पैर में गोली मारी, जिससे वह संतुलन खोकर गिर गया। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अली के पैर पर मामूली चोट आई है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 900 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

रूसी तेल आयात 12 महीने के निचले स्तर पर

एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार भारत में अभी भी दीर्घकालिक मांग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात जनवरी में लगातार दूसरे महीने गिरकर 12 महीने में सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अब भी बरकरार है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर 'वोर्टेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, रूस ने जनवरी में भारत को प्रति दिन 12 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो दिसंबर में 13.2 लाख बैरल और नवंबर 2023 में 16.2 लाख बैरल से कम है। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से 10.5 लाख बैरल प्रति दिन और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन आयात किया। रूस से आयात पिछले साल जून में 21 लाख बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो भारत द्वारा आयातित कुल तेल का करीब 40 प्रतिशत है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग बरकरार है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक महीने में गिरावट तथा दूसरे महीने में बढ़ोतरी पूरी कहानी बयां नहीं करती। तथ्य यह है कि भारतीय कंपनियां तब तक रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखेंगी जब तक यह आर्थिक रूप से सही रहेगा। अन्य एक अधिकारी ने कहा-जब तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति लागत वैकल्पिक स्रोतों की तुलना में कम रहेगी तब तक भारतीय रिफाइनर इसे खरीदेंगे।

आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को पहले 9 महीनों में 69,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशल लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन पेट्रोलियम कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना से यह आंकड़ा सामने आया है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई नकमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

नीतिगत ब्याज दर में अभी कटौती की संभावना नहीं

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक विभाग की एक अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह की समीक्षा में नीतिगत ब्याज दर में 'ठहराव' को जारी रखेगी। एसबीआई की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में अभी कटौती की संभावना नहीं है पर जून या अगस्त की समीक्षा में पहली कटौती हो सकती है। मौद्रिक नीति समिति की वर्ष 2023-24 की अंतिम द्विमासिक समीक्षा बैठक इस सप्ताह छह-से आठ तारीख तक होगी। एसबीआई के आर्थिक विभाग ने कहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका के गैर-कृषि क्षेत्र के रोजगार के आंकड़े और वेतन से नीतिगत ब्याज (रेपो) में कमी का चक्र शुरू होने उम्मीदों को तेजी से पीछे धकेल दिया है।

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

एचएसबीसी इंडिया के सर्वेक्षण में हुआ खुलासा



भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री 3 महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	72,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	72,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	720(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

सरसों फसल का रकबा 5 प्रतिशत बढ़कर 100.39 लाख हेक्टेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

एसईए ने रबी सत्र 2023-24 के जारी किए आंकड़े

फसल वर्ष 2023-24 के रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर से अधिक होने का अनुमान है। उद्योग जगत के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक बयान में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि उसने अखिल भारतीय सरसों फसल सर्वेक्षण के लिए आरएमएसआई क्रॉपलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन है।

आरएमएसआई ने सुदूर संवेदी माध्यम (रिमोट सेंसिंग) पर आधारित तीसरी रिपोर्ट सौंपी है। एसईए ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार-अखिल भारतीय सरसों फसल का रकबा 100.39 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के रिमोट सेंसिंग-आधारित अनुमान 95.76 लाख हेक्टेयर से पांच प्रतिशत अधिक है। गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में किसानों ने कम कीमत मिलने के कारण सरसों के बजाय अन्य फसलों की खेती का विकल्प चुना है।

सरकार 29 रुपये प्रति किलो की दर से भारत चावल बाजार में उतारेगी

नई दिल्ली। पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' बाजार में उतारेगी। सब्सिडी वाला चावल पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि खाद्य मंत्री पीयूष गोयल राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर भारत चावल की पेशकश करेंगे। पहले चरण में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) दो सहकारी समितियों, को पांच लाख टन चावल प्रदान करेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति व भारतीय एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स में 354 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

निफ्टी 82.10 अंक की गिरावट के साथ 21,771.70 पर बंद

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार शुरुआत में मजबूत खुला लेकिन बाद में सीमित दायरे में रहा और अंत में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ।

पेटीएम के शेयर में तीसरे सत्र में गिरावट

नई दिल्ली। पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए।

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़ में कई हत्याओं में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

कांकेर। छत्तीसगढ़ में हत्या के कुछ मामलों और सुरक्षाकर्मियों के साथ कई मुठभेड़ों में कथित तौर पर संलिप्तता के लिए कांकेर जिले से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीजापुर जिले के रहने वाले इन दोनों माओवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि 2022 से माओवादियों के उत्तरी बस्तर संभाग में समन्वय दल के कमांडर के रूप में सक्रिय विनोद अवलम (21) और उपकमांडर आसु कोर्सा (23) को रविवार को कांकेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंजालगोडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

तेजस्वी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी ने कथित तौर पर 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं।

संजय सिंह राज्यसभा में नहीं ले पाए शपथ

नई दिल्ली। दिल्ली से राज्यसभा के लिए फिर से चुने गए जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह सोमवार को शपथ नहीं ले सके, क्योंकि यह सदन के कामकाज में सूचीबद्ध नहीं था। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। संजय सिंह कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। वह दिल्ली की एक अदालत से अनुमति के बाद शपथ लेने के लिए संसद आए थे। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सिंह को शपथ लेने की अनुमति दी जानी चाहिए थी, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने उच्च सदन के 11 अगस्त के निर्देश का हवाला दिया कि मॉनसून सत्र के दौरान अनियंत्रित आचरण के लिए सिंह का निलंबन लागू रहेगा और वह तब तक कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते, जब तक कि विशेषाधिकार समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत न कर दे और सदन उस पर विचार न कर ले।

अगर कोई जुर्रत करेगा तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी को लेकर कांग्रेस नेता के सवाल पर किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा-मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

जम्मू के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 20,760 करोड़ रुपये और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा गया है। संसद में पेश अंतरिम बजट के अनुसार, 2024-25 लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह जीएसडीपी का 14.64 प्रतिशत है।

उपासना स्थल अधिनियम को समाप्त करने की मांग

भाजपा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत प्रदान किए गए हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा-उपासना स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है।

गठबंधन से पहले केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला : कोर्ट 7 फरवरी को सुनाएगी फैसला

अमृत विचार: झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की मुश्किलें भी बढ़ती जा रहीं हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी पांच समन को उनके द्वारा ठुकराना है। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

जमीन घोटाले को लेकर पिछले 8 महीने से प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रहा था। वह देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है इसके बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ठीक उसी तरह दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई महीनों से जांच कर रहा है और बारी-बारी से पांच बार उन्हें तलब कर चुका है। अब अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि सोरेन की गिरफ्तारी और केजरीवाल के खिलाफ निदेशालय का अदालत में जाना, इस बात का मार्ग प्रशस्त कर सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए।

हालांकि भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव पूर्व बनने वाले इंडिया गठबंधन को लेकर अब केजरीवाल मुख्य भूमिका में हैं। अभी तक यह भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभा रहे थे। लेकिन उनके पलट जाने के बाद यह काम केजरीवाल ने संभाला है। लगभग सभी राजनीतिक दलों की निगाहें आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तालमेल की वार्ता पर टिकी हुई हैं। ऐसे समय में प्रवर्तन निदेशालय एवं दिल्ली पुलिस की विशिष्ट शाखा क्राइम ब्रांच का सक्रिय होना बहुत मायने रखता है। 2 नवंबर से 2 फरवरी तक प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पांच बार पूछताछ के लिए नोटिस भेज चुका है। लेकिन नोटिस को गैरकानूनी बताते हुए निदेशालय के समक्ष वे पेश नहीं हुए हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट 7 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में भी सीएम की घेराबंदी शुरू कर दी है। वहीं उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केजरीवाल से जवाब मांगा है।

वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। तेलंगाना कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवा दे रहे थे। जाजू इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के निदेशक रह चुके हैं।

चुनौती देने वाली हरियाणा की याचिका पर जवाब दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नौकरियों में आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के स्थानीय निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को "असंवैधानिक" करार देने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार से उनका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र सरकार और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला तर्कहीन है। राज्य सरकार ने 17 नवंबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम, 2020 को भी अधिकार क्षेत्र से परे करार दिया था।

सिसोदिया हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी पैरोल

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

अदालत ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी।

बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रहीं हैं। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्नी से मिलने की अनुमति दे चुकी है। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे। दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी।

उनकी पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मरीज की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

झारखंड में चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची। झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया।

इंडिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देगा : राहुल

रांची, एजेंसी

कांग्रेस नेता ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान किया वादा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया।

गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि जब जाति आधारित जनगणना की मांग उठी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई जाति नहीं है, लेकिन जब वोट लेने का समय आता है तो वह कहते हैं कि वह ओबीसी हैं। गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस- राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे।

गांधी ने मणिपुर से महाराष्ट्र तक की अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान यहां शहीद मैदान में आयोजित एक रैली में कहा-गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की। गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार के राज में देश के दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बना दिया गया है।

दिल्ली में विश्व वैष्णव सम्मेलन 8 फरवरी से

नई दिल्ली, अमृत विचार: राजधानी में 8 फरवरी को विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के हजारों सनातन धर्मावलंबी एवं साधु-सन्यासी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। हौज खास स्थित गौडीय मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में गौडीय मिशन के अध्यक्ष भक्ति सुंदर सन्यासी महाराज ने बताया कि दिल्ली में गौडीय मठ की स्थापना करने वाले श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्म दिवसोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी एक डाक टिकट एवं 150 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे।

इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व: रोहित

पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही शृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

मैं आंकड़ों को नहीं देखता: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

पहली पारी			दूसरी पारी		
15.5	ओवर	6 विकेट	17.2	ओवर	3 विकेट

हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

खेल डायरी

फज़ बैडमिंटन चैलेंज: मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

नई दिल्ली, एजेंसी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज़ अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

सुमित की प्रगति फिटनेस पर निर्भर: अमृतराज

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय टेनिस के दिग्गज आनंद अमृतराज का मानना है कि भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल की प्रगति और शीर्ष 100 में उनका प्रवेश उनकी फिटनेस और तेजी पर निर्भर करेगा। नागल ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल के मुख्य ड्रॉ के दूसरे दौर में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरीं। आनंद सोमवार को मद्रास क्रिकेट क्लब में डेविस कप में जीत के जश्न के कार्यक्रम में शामिल हुए। नागल वर्तमान में एटीपी एकल रैंकिंग में 121वें स्थान पर हैं और आनंद को उम्मीद है कि वह छह महीनों में शीर्ष 100 में जगह बना लेंगे। नागल के अलावा आनंद ने शीर्ष 100 में जगह बनाने के लिए तमिलनाडु के दो और भारतीय खिलाड़ियों रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार का भी समर्थन किया।

बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप

ढाका, एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से प्रशंसकों और सरकार की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की।

फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी। फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

106 रन की जीत के साथ भारत ने शृंखला में की 1-1 की बराबरी

इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार

पांच टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा

विशाखापत्तनम, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट शृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने शृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। पांच टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा।

दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दूसरी पारी में इंग्लैड के जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़े। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट लेने का कारनामा पूरा नहीं कर सके और वे इस रिकॉर्ड से 1 विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) व टॉम हार्टले (36) ने 8वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप	73	132	8/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद पगबाधा अक्षर	23	31	5/0
ओली पोप का रोहित बो अश्विन	23	21	5/0
जो रूट का अक्षर बो अश्विन	16	10	2/1
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह	26	36	5/0
बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर)	11	29	1/0
बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह	36	69	4/1
टॉम हार्टले बो बुमराह	36	47	5/1
शोएब बशीर का भरत बो मुकेश	00	08	0/0
जेम्स एंडरसन नाबाद	05	08	1/0

अतिरिक्त: 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17.2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

इंग्लैंड पर जीत से भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को विशाखापत्तनम में दूसरे क्रिकेट टेस्ट में जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत इस जीत से एक बार फिर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा है और उसने आईसीसी डब्ल्यूटीसी 2023-25 तालिका में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया और अपने बीच के अंतर को कम कर दिया। हैदराबाद में पहले टेस्ट में हार के बाद भारत तालिका में पांचवें स्थान पर आ गया था। विशाखापत्तनम में जीत से भारत के अंक 52.77% हो गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 55.00% अंक के साथ शीर्ष पर है। तालिका में शामिल शीर्ष पांच टीमों के बीच सिर्फ 5% का अंतर है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की शृंखला ड्रॉ कराकर भारत कुछ समय के लिए शीर्ष पर आया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर दोबारा शीर्ष पर पहुंच गया।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में बनाई जगह

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

श्रेष्ठ टीमों की शैली को जानने का मिलेगा मौका

भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को जानने का मौका होगा। उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर मायावन के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है। चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 को

प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

सैंटियागो। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। 10 लाख की आबादी वाले चिली के वालपराइसो के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

वेलिंगटन। पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

बीएसएफ ने सरहद पर गिरफ्तार किया पाकिस्तानी घुसपैठिया

तरन तारन। सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को तरन तारन जिले के पल्लोपति गांव से सटे इलाके में सीमा के पास एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि पकड़े गए 16 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को पाकिस्तान के कसूर का निवासी बताया है। बीएसएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य एजेंसियों ने शुरुआती पूछताछ की, जिससे पता चला कि पकड़ा गया व्यक्ति जवाब देने में कुशल है और आसपास के इलाके से अच्छी तरह वाकिफ है। घुसपैठिये के पास से एक मोबाइल फोन और 100 रुपये का एक पाक मुद्रा नोट बरामद किया गया। मेडिकल जांच के बाद आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया।

पूनम की सर्वाइकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी शबांग ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।

ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।

आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।



अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

जटिल पासवर्ड बनाएं



अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।

ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

खातों की करें नियमित निगरानी

संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

माले, एजेंसी

10 मई तक मालदीव वापस भेजेगा शेष भारतीय सैनिक

55 सांसदों ने राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन का किया बहिष्कार

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मई तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।

सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

माइनस 8 डिग्री में मार्च...

लद्दाख : लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। उन्होंने कहा, अब 19 फरवरी से अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। बता दें, लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई। भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत

अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

विज्ञान चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।

27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार

मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरीं

पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।